भाद्रपद शुक्ल पक्ष-6, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 78 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
08 सितम्बर 2024 रविवार

**आज का मौसम**
30 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

### राज्यों से लेकर केंद्र तक सियासी मजबूती के लिए कदम उठाने का दौर

# हरियाणा से मध्यप्रदेश तक...राजनीतिक पुरूषत्व दिखाने में जुटे भाजपा व कांग्रेस



**भोपाल/नई दिल्ली दोपहर मेट्रो,एजेंसी**

विधानसभा के चुनाव तो अभी दो राज्यों में हो रहे हैं और तीन में जल्द होंगे. लेकिन कई राज्यों में राजनीति सुर्ख होती जा रही है। भाजपा व कांग्रेस के हरियाणा,कश्मीर और महाराष्ट्र में ही नहीं बल्कि मप्र तक मेंय जमकर विवाद हो रहे हैं। मप्र में दिग्विजय सिंह के एक तीखे बयान से कांग्रेस और भाजपा के बीच मप्र में फिर तीखी जुबानी जंग जारी है। मुद्दा आरक्षण और तुष्टीकरण के साथ ही 'नपुंसकता' भी है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा द्वारा उन्हें आतंकवादियों का हिमायती मानने लेकिन कार्रवाई नहीं करने की 'कमजोरी' पर तीखे शब्द में निशाना साधा तो भाजपा भी उन पर टूट पडी है। बाद में दिग्विजय ने नपुंसक सरकार के नाम से ट्वीट किया। उधर वीडी ने कहा 'आज जब मोदी सरकार में एससी, एसटी वर्ग के लोग सशक्त हो रहे हैं तो दिग्विजय सिंह और कांग्रेस के लोग परेशान हैं। अगर दिग्विजय अजा और अजजा का हक छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं तो ऐसी कमजोरी हमें स्वीकार्य है।' सिंह ने शर्मा द्वारा उन्हें आतंकवादियों का हिमायती और विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा नया जिन्ना कहने पर तीखा हमला किया था।

## ससुराल से विनेश का इलेक्शन मिशन शुरू



भारतीय रेसलर व कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट ने आज अपने पति के पैतृक गांव बक्ताखेड़ा से जुलाना विधानसभा सीट का चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान 6 खाप पंचायतें और राठी समाज की खाप पंचायतों ने विनेश का स्वागत किया। उन्होंने रोड-शो निकाला। विनेश जनसभा को भी संबोधित करेंगी। दरअसल हरियाणा के जाट लैंड बांगर क्षेत्र की जुलाना सीट हमेशा से इनेलो और जेजेपी जैसी पार्टियों का गढ़ रही है। पिबछले 15 साल से कांग्रेस यहां नहीं जीती है। हालांकि विनेश के कांग्रेस में आने से यह सीट हॉट सीट बन गई है।

## चिराग के सामने चाचा और हुड्डा के सामने गैंगस्टर की पत्नी

**भाजपा साध रही नए समीकरण**



**भाजपा** इन दिनों अपनी एनडीए की सरकार की मजबूती के लिए कई ऐसे कदम उठा रही है जो पावर बैलेंस की राजनीति से जुडे हैं। दरअसल कुछ दिनों में केंद्रीय मंत्री व लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान अपनी ही सरकार के कई कई महत्वपूर्ण फैसलों पर सवाल खड़ा कर रहे हैं लिहाजा भाजपा ने उनके चाचा पशुपति पारस को फिर से एनडीए में तरजीह देना शुरू की है। पारस, कुछ महीनो से हाशिए पर हैं । अब उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल या फिर किसी महत्वपूर्ण केंद्रीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। भाजपा ऐसा करके भतीजे चिराग पासवान के बराबर लाएगी और फिर पारस के जरिए चिराग पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेगी।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के भूपेंद्र हुड्डा अपनी गढ़ी सांपला किलोई सीट से चुनाव मैदान उतरे तो भाजपा ने उनके सामने गैंगस्टर राजेश हुड्डा की पत्नी मंजू हुड्डा को उतारकर नया दांव खेल दिया है।



रोहतक पंचायत की चेयरैन मंजू अपनी पति के आपराधिक इतिहास की वजह से सुर्खियों में हैं,। चर्चा है कि भाजपा ने उन पर क्यों दांव खेला है? क्या मंजू हुड्डा भी हरियाणा की राजनीति में 37 पहले उलटफेर जैसा कुछ कर सकती हैं।दरअसल तोशाम सीट से बंसीलाल 1987 के विधानसभा चुनाव में लोकदल के उम्मीदवार धर्मबीर से हार गये थे। तब धर्मबीर की छवि भी दबंग की थी। जीत के बाद तत्कालीन सीएम देवीलाल ने धर्मबीर को मंत्री बना दिया।

## दो हिस्सों में बंटी मगध एक्सप्रेस, यात्रियों में हडकंप

**पटना।** आज दोपहर पटना जा रही मगध एक्सप्रेस रघुनाथपुर और टुड़ीगंज के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रेन



की कपलिंग टूटने से गाड़ी दो भाग में बंट गई। हालांकि किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। घटना के बाद यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया।हावड़ा दिल्ली रेल रूट पर धरौली हॉट के पास ये हादसा हुआ है। कंपलिंग टूटने के बाद तेज झटके के साथ ट्रेन रुक गई। ट्रेन रुकते ही सभी यात्री जैसेङ्गतैसे ट्रेन से उतरे। कोई इमरजेंसी खिड़की से कूदा तो कोई धक्कामुक्की कर गेट से बाहर आया। इस घटना के बाद फिलहाल इस रेलखंड पर परिचालन ठप है। रेल प्रशासन में हड़कंप है। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम भेजी गई है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## थूक लगाकर बनाई रोटियां, ढाबे पर घिनौनी हरकत

**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक ढाबे पर थूक लगाकर रोटियां बनाए



जाने पर लोगों ने हंगामा किया। आरोपी ढाबा संचालक की इस हरकत की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने आरोपी ढाबा संचालक चांद के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक, कस्बे के रबूपुरा-भाईपुर मार्ग पर एक ढाबा है। ढाबे पर शुक्रवार देर रात थूक लगाकर रोटियां बनाई जा रही थीं, जिसे देखकर ढाबे पर खाना खा रहे लोगों ने हंगामा किया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

# लखनऊ बिल्डिंग हादसे में मृतक संख्या आठ हुई

**लखनऊ।** बीती शाम हुए बिल्डिंग हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। 27 घायल हैं। यहां बचाव दल के अधिक जवान 17 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हैं। स्निफर डॉग से मलबे में लोगों की तलाश की जा रही है। इधर, मृतकों के परिजन चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करे और मुआवजा दिया जाए। सीएम योगी आज घायलों से मिलने लोक बंधु अस्पताल जाएंगे। ज्ञात हो कि



ट्रांसपोर्ट नगर में 3 मंजिला बिल्डिंग (हरमिलाप टावर) भरभराकर गिर गई थी।

## जो राम को लाए हैं..भजन गायक कांग्रेस की ओर

**चंडीगढ़।** 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' जैसा चर्चित गीत गाने वाले कन्हैया मित्तल अब कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने एक टीवी चैनल पर खुद इसके स्पष्ट संकेत दे दिए। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले यह भाजपा के लिए एक और बड़ा झटका साबित हो सकता है। मित्तल ने कहा कि मेरा मन कांग्रेस से जुड़ रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कांग्रेस में किस दिन शामिल होंगे। यह जरूर बोले कि मेरी बात चल रही है। सब कुछ ठीक रहा, तो कांग्रेस में जाऊंगा।बकौल कन्हैया- मैं कभी भाजपा का नहीं था। भाजपा ने इसका प्रचार जरूर किया, लेकिन मुझ पर भाजपा का ठप्पा लगने से कई प्रताड़नाएं भी सहना पड़ीं।

# वंदेभारत तो मैं चलाऊंगा..दो मंडल के बीच तनातनी, स्टाफ से मारपीट

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

सुपरफास्ट वंदे भारत ट्रेन ने सभी हिस्सों में अपनी पहुंच बना ली है। अब लोग राजधानी और शताब्दी जैसी ट्रेनों के बजाय वंदेभारत को अधिक पसंद कर रहे हैं वहीं अब एक ऐसा वीडियो वायरल हो गया है जो सभी को हैरान रहा है। दरअसल, वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर रेलवे के तीन लोको-पायलट आपस में भिड़ गए और बात हाथापाई तक पहुंच गई। दरअसल हाल में आगरा से उदयपुर के लिए वन्देभारत की सौगात दी गई। मगर आगरा और कोटा मंडल के रेल कर्मचारियों के बीच वंदे भारत ट्रेन को चलाने को लेकर विवाद बढ गया। आलम यह रहा कि वंदे भारत चलाने के मारपीट और विरोध प्रदर्शन तक हो गया। कोटा मंडल का स्टाफ जब वंदे भारत ट्रेन लेकर आगरा पहुंचता तो आगरा मंडल के कर्मचारी उनसे मारपीट करते और जब आगरा मंडल के कर्मचारी ट्रेन लेकर कोटा पहुंचते थे, तो वहां के स्टाफ उन्हें घेर लेते थे।



वायरल वीडियो में कोटा मंडल के कर्मचारी आगरा मंडल के स्टाफ को ट्रेन से बाहर खींचते व थप्पड बरसाते दिखे हैं। गार्ड को खींचकर बाहर निकाल लाते हैं. गार्ड की कमीज फटी होती है और उस पर थप्पड़ों की बरसात की जाती है।

# 11 से मानसून का सिस्टम होगा स्ट्रांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मानसून ट्रफ और लो प्रेशर एरिया की वजह से तीन दिन बाद फिर पूरा मध्यप्रदेश भीगने वाला है। आज शिवपुरी, श्योपुर समेत 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल में शाम तक बरसात का एक दौर आएगा। लेकिन 11 सितंबर से प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर जिलों में भी देखने को मिलेगा। ऐसे में बारिश का कोटा भी फुल हो जाएगा। अब तक औसत 36.1 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन की 97त्न है। 1.2 इंच पानी और गिरने पर कोटा फुल हो जाएगा। प्रदेश की



सामान्य बारिश 37.3 इंच है। अब तक भोपाल, ग्वालियर समेत 28 जिलों में सामान्य से ज्यादा यानी 96प्रतिशत से 169 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। इनमें श्योपुर में सबसे ज्यादा 169 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। इंदौर, उज्जैन और रीवा संभाग पिछड़े हुए हैं। रीवा में सबसे कम 60 प्रतिशत (23.3 इंच) बारिश ही हुई है।

## दीपिका ने बेटी को जन्म दिया

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और अभिनेता रणवीर सिंह आज पेरेंट्स बन गए हैं। दीपिका ने बेटी को जन्म दिया है। दीपिका को कल मुंबई के गोरेगांव इलाके में मौजूद एचएन रिलायंस हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। दीपिका ने इस साल 28 फरवरी को सोशल मीडिया पर प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी।

**मेट्रो एंकर** वैश्विक गिरावट व मंदी की आहट, अडानी-अंबानी को भी करारा झटका

# अमीरों की संपत्ति में आई सुनामी, दुनिया भर के रईस थोड़ा गरीब हो गए!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पिछले कुछ दिनों में शेयर बाजार में आ रहे जोरदार उतारचढाव ने दुनियाभर के अमीरों की दौलत में भी कमी कर दी है। इसमें भारत के अंबानी-अडानी भी शामिल हैं। संपत्ति में यह सुनामी अमेरिका व जापान के बाजारों में आए उतार और मंदी की आहट के चलते भारतीय बाजार तक पहुंची है। इसके चलते दुनिया के टॉप-10 अमीर ही नहीं बल्कि 20 सबसे बड़े अरबपतियों को करारा झटका लगा है। अब तक सबसे ऊपर चल रहे अमीर एलन मस्क का नाम आता है, मगर उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बीते 24 घंटे में ही मस्क की दौलत 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा घट गई है।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक टेस्ला और स्पेसएक्स कंपनियों की सीईओ मस्क की नेटवर्थ 13.9 अरब डॉलर या करीब 1.14 लाख करोड़ रुपये कम होकर 237 अरब डॉलर रह गई है। इसके बाद दूसरा सबसे बड़ा घाटा अमेजन के जेफ बेजोस को हुआ और उनकी दौलत 6.08 अरब डॉलर या करीब 51000 करोड़ रुपये घटकर



195 अरब डॉलर रह गई। दुनिया के अमीरों में शामिल अन्य अरबपतियों की बात करें, तो फ्रांसीसी रईस बर्नार्ड अर्नाल्ट की नेटवर्थ ने 2.30 अरब डॉलर (करीब 19317 करोड़ रुपये) गंवाए। तो वहीं फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग की नेटवर्थ 5.75 अरब डॉलर (करीब 48,293 करोड़ रुपये) कम हो गई। बिल गेट्स की संपत्ति 1.18 अरब डॉलर (करीब 9910 करोड़ रुपये) गिरकर 157 अरब डॉलर रह गई है।

## अडानी 100 अरब डालर क्लब से बाहर

**भारतीय बाजार में आई गिरावट के चलते रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 2.14 अरब डॉलर या करीब 17,973 करोड़ रुपये घटी है और ये 111 अरब डॉलर रह गई । अब अंबानी दुनिया के 11वें सबसे अमीर बने हुए हैं। अडारनी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ .57 अरब डॉलर या करीब 13,186 करोड़ रुपये कम होकर 99.6 अरब डॉलर आ गई है। यानी अडानी 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं।**

**दिग्गजों का पैसा डूबा**

इसके अलावा लैरी एलिसन को 1.62 अरब डॉलर का घाटा हुआ दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे की नेटवर्थ 1.60 अरब डॉलर गिरकर 145 अरब डॉलर पर आ गई. स्टीव वाल्मर को 2.14 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। दुनिया के 10वें सबसे अमीर इंसान सर्गेई ब्रिन को 4.72 अरब डॉलर का घाटा हुआ और फिलहाल उनकी नेटवर्थ घटकर 130 अरब डॉलर रह गई है।



## गणपति बप्पा मोरिया.. राजधानी में गणेशोत्सव की धूम


बरखेड़ा


10 नंबर मार्केट


गुलमोहर



### कुल 78 ट्रेनों के मुसाफिर हो रहे परेशान

# यात्रियों की नई मुश्किल, रेल्वे ने निरस्त की ट्रेनें या बदले मार्ग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

त्योहारों के सीजन में भोपाल से गुजरने वाली ढेरों ट्रेनों के निरस्त होने या बदले मार्ग से चलाये जाने के कारण कई यात्रियों के पहले से तय हो चुके टूर प्रोग्राम भी बन बिगड रहे हैं। दरअसल भोपाल से राज्यों के लिए रेल सफर करने वालों को ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं। भोपाल रेल मंडल के कई स्टेशनों से गुजरने वाली 58 ट्रेनों को सितंबर और अक्टूबर में निरस्त किया गया है। 18 ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए हैं। 2 ट्रेनें आंशिक निरस्त हुई हैं। भोपाल से प्रतिदिन 230 ट्रेनें रोजाना गुजरती हैं। बताया जाता है कि उत्तर रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे और झांसी मंडल में रेलवे के मेंटेनेंस कार्य हो रहे हैं। एक तरफ यात्री निरस्त ट्रेनों के चलते अपनी यात्रा कैंसिल कर रहे हैं तो दूसरी तरफ शॉर्ट टर्मिनेटेड और रूट परिवर्तन के कारण भी कई यात्री यात्राओं को निरस्त कर रहे हैं।

भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों काकहना है कि इन दिनों उत्तर रेलवे के पलवल रेलवे स्टेशन पर मेंटेनेंस किया जाना है। यह कार्य पलवल और न्यू पृथला यार्ड के बीच रेल संपर्क के लिए किया जा रहा है। इसके कारण 12 ट्रेनों को निरस्त, 18 ट्रेनों के रूट भी परिवर्तित किएगए हैं। वहीं 2 ट्रेनोंको आंशिक निरस्त भी किया गया है।



### 19 ट्रेनों के इसलिए बदले रूट

झांसी मंडल में धौलपुर-हेतमपुर कनेक्शन कार्य के चलते करीब 19 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। येट्रेनें 16 सितंबर तक डायवर्ट रहेंगी। इसके अलावा इसके अलावा अन्य कारणों केकारण 02185 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन और 02186 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन अपनेप्रारम्भिक स्टेशन सीएसएमटी करीब 8 दिन के लिए निरस्त किया गया है।

### दक्षिण भारत की 41 ट्रेन निरस्त

**इसके अलावा दक्षिण मध्य रेल के विजयवाड़ा-काजीपेट-बल्लारशाह खंड में वारंगल, काजीपेट और हसनपर्थी रोड स्टेशनों के बीच चार रेल लाइनों के नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली 41 ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है।यह ट्रेनें 21 सितंबर से लेकर 30 अक्टूबर तक निरस्त रहेंगी। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों के अनुसार यह सभी यात्री जिनकी ट्रेन निरस्त हुई हैं, उनको नियमानुसार रिफंड दिया जाएगा।**

### घर बैठे एप के जरिये मिलेगा लाभ

# एम्स अब योग शिक्षा देगा, मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के उपाए बताएगा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानि एम्स अब लोगों को घर बैठे अपने मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करने के तरीके बताएगा और योग आदि के बारे में भी जानकारी देगा। इसके लिये खास एप तैयार किया गया है।

जानकारी के मुताबिक एम्स के फिजियोलॉजी विभाग के एडिशनल प्रो. डॉ. वरुण मल्होत्रा सहित छह डॉक्टरों की टीम ने मोबाइल फोन आधारित एक योगा एप तैयार किया है, जिसे केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग द्वारा कॉपीराइट भी दे दिया गया है। यह मोबाइल एप घर बैठे व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का सटीक आकलन कर योग एवं ध्यान की विभिन्न तकनीकों को स्टेप बाई स्टेप सिखाता है। इससे व्यक्ति न केवल घर बैठे प्रशिक्षित योग टीचर की मदद से अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रख सकता है, बल्कि अवसाद, चिंता जैसी समस्याओं से निजात भी पा सकता है। इस टीम में डॉ. मल्होत्रा के साथ मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. विजेंदर सिंह, आयुष विभाग के डॉ. दानिश जावेद, योग प्रशिक्षक श्वेता मिश्र, शरीर क्रिया विभाग के डॉ. रजय भारशंकर, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ. अनिंदों मजूमदार शामिल हैं। डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि पॉजिटिव माहौल के बीच पिछले दो वर्षों में एम्स में अलग माहौल बना है। जिससे फैकल्टी को रिसर्च करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। इस एप की मदद से लोगों को अपना स्वास्थ्य बेहतर करने में मदद मिलेगी।

# दो साल में बन जाएगी कपड़ा व्यापारियों की भव्य धर्मशाला

### बाहर से आने वाले व्यापारियों के लिए सुविधा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में थोक कपड़ा व्यापारी संघ की भव्य धर्मशाला के निर्माण की शुरूआत के लिए पूजन किया गया। संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी व अन्य पदाधिकारियों और पूर्व पदाधिकारियों की मौजूदगी में निर्माण कार्य की शुरूआत हुई। इसरानी ने कहा, दो साल में निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। धर्मशाला व्यापारियों और मांगलिक कार्यों के लिए बेहतर जगह होगी।

सीहोर नाके पास कपड़ा व्यापारी संघ धर्मशाला बना रहा है, जिसमें दुकानें, सभागार, ठहरने के लिए कमरे होंगे। संघ की कार्यकारिणी की बैठक में गणेश चतुर्थी से धर्मशाला निर्माण शुरू करने का फैसला लिया गया था। अभी तक शासन से अनुमतियों का इंतजार था, कहा जा रहा है सभी तरह की अनुमतियां मिल चुकी हैं।



धर्मशाला की नींव रखने के मौके पर संघ के महासचिव दिनेश वाधवानी, नरेन्द्र लालवानी, मूलचंद वीधानी, रमेश जनयानी, अमित बिनवानी, कन्हैया दामानी, मंघाराम मेघवानी, वासू वाधवानी, गोवर्धन रायसिंधानी, विकास जनियानी, नंदलाल पंजवानी, महेश गर्ग, श्याम बालचंदा व अन्य व्यापारी मौजूद थे।

# गणपति बप्पा मोरिया.. संतनगर में गणेशोत्सव की धूम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गणेश चतुर्थी से गणेशोत्सव की शुरूआत हो गई है। संतनगर के विभिन्न स्थानों पर पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गईं। लोगों ने घरों में भी गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की। दस दिनों तक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना होगी। उपनगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। भव्य पांडालों में गणेशजी विभिन्न स्वरूपों में स्थापित की गईं, देर रात तक झांकी स्थलों पर प्रतिमाओं की स्थापना की गई। झांकी समिति के लोग नाचते हुए गणेशजी की प्रतिमाओं को लेकर पहुंचे। गणपति बप्पा मोरिया के जयकार गूंजते रहे। संतनगर के मिनी मार्केट, चंचल रोड़, गिदवानी पार्क क्षेत्र, वन ट्री हिल्स क्षेत्र, मेन रोड पर कई स्थानों पर झांकियां सजाई गई हैं। पटरी पार भी आधा दर्जन स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।

**संस्कार विद्यालय :** गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की स्थापना की गई, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, सदस्य राजकुमार झमटानी, विद्यालय के प्राचार्य



आर.के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में विधि विधान से भगवान श्री गणेश जी पूजा अर्चना एवं आरती के साथ स्थापना की गई एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय की उन्नति एवं नगर की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष वासवानी ने कहा कि आज हमने भगवान गणेशजी की स्थापना के साथ-साथ यह प्रार्थना करते है कि भगवान गणेशजी का आर्शीवाद हमारे विद्यालय और विद्यार्थियों एवं स्टाफ के ऊपर बना रहे।

**मेट्रो एंकर**

### नवनिध, विद्या सागर स्कूल में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे अहम कड़ी होता है शिक्षक : सिद्धभाऊजी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध गर्ल्स स्कूल एवं विद्यासागर पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए गए। सोसायटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊ ने शिक्षक- शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

नवनिध में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह की शुरूआत परंपरागत तरीके से हई। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने सिद्धभाऊजी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल के जिला शिक्षा अधिकारी एन के अहिरवार एवं जेसाराम दरयानी का अभिनंदन किया। भाऊजी ने कहा कि जितने भी प्रोफेशन हैं, उनमें शिक्षक का प्रोफेशन सबसे सम्मानजनक है, तभी हमारे देश में शिक्षक दिवस को उत्साह व सम्मान भाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि सुख-समृद्धि व सम्मान के साथ जीने के लिए आपका शिक्षित व आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। अहिरवार ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी शिक्षक ही है। हमें अच्छे संस्कार अपने माता-पिता व गुरुओं से ही प्राप्त होते हैं एवं संस्कार के बिना जीवन में उन्नति संभव नहीं है, इसलिए अपने गुरुओं का सदैव सम्मान करें। इस अवसर पर छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य, स्वागत नृत्य, 'दीप शिक्षा के हैं हम' गीत एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई।



### विद्यासागर पब्लिक स्कूल

सम्मान समारोह में विद्यासागर पब्लिक स्कूल, राधीबाई हासोमल ख्यांतानी फाउंडेशन स्कूल तथा अर्जन हाथीरामानी मेमोरियल प्ले स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सिद्धभाऊजी ने कहा, बच्चों के रोल मॉडल आप टीचर्स हैं, टीचर्स जिस तरह बात करती हैं। आपस में व्यवहार करती हैं बच्चे भी वैसा ही करते हैं। आपके ऊपर दायित्व है कि आप बच्चों को अच्छी आदतें सिखाते हुए उनसे नम्रता से व प्यार से बात करें जिससे बच्चे भी अपने माता-पिता एवं बड़ों से सम्मान करें एवं उनकी बात मानें। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा मनोरंजक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के नन्हें -मुन्नें विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता, मनोरंजक नृत्य एवं शिक्षाप्रद नाटिकाओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी एवं विद्यासागर स्कूल के निदेशक भगवान दामानी ने अपने विचार रखे।



# 14 सितंबर तक चलेगी अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की प्रक्रिया

**- शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी की समय सारणी जारी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिये रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक व्यवस्था की जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक व्यवस्था के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समय सारणी जारी की है। इस व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आवदेक द्वारा जीएफएमएस पोर्टल में शाला विकल्प चयन 4 सितम्बर से शुरू हो गया है। विकल्प चयन की कार्यवाही 9 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरी की जायेगी। शाला विकल्प चयन के बाद मेरिट के आधार पर आवेदकों को विद्यालय का आवंटन 10 सितम्बर को किया जायेगा। इसके बाद आवेदकों द्वारा आवंटित विद्यालय में उपस्थिति में 11 सितम्बर से शुरू हो जायेगी। शाला प्रभारी जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाइन किये गये अतिथि शिक्षक का प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से 14 सितम्बर 2024 तक पूरा करेंगे। इस संबंध में जारी परिपत्र में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूल में भेजा गया है। दिशा-निर्देश की प्रति स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है।

## बीयू: थर्ड इयर की परीक्षाएं 11 सितंबर से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी की थर्ड ईयर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं 11 सितंबर से शुरू होंगी। पूर्व में यह परीक्षा पांच सितंबर से आयोजित होनी थी। अब बीयू ने परीक्षा केंद्रों में भी बदलाव किया है। भोपाल में यह परीक्षा मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम), बाबूलाल गौर शासकीय कॉलेज (भेल कॉलेज) और शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी साइंस एंड कामर्स कॉलेज में होगी।

**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का मामला, फर्जी आवेदकों के नाम अवार्ड कर दिया था मुआवजा**

# मुख्यमंत्री को बताई गड़बड़ी तो एसडीओ फॉरेस्ट बोले- जो बने उखाड़ लो, ऑडियो वायरल होने के बाद निलंबित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सीएम हेल्पलाइन के जरिए मुख्यमंत्री को गड़बड़ी की शिकायत की तो फॉरेस्ट के एक एसडीओ शिकायतकर्ता से कहने लगे, मैंने तो मुआवजा अवार्ड कर दिया है। अब आपसे जो बने वह उखाड़ लेना। यही नहीं एसडीओ फॉरेस्ट की जबान से बहुत कुछ निकल गया, जो एक ऑडियो क्लिप के माध्यम से वायरल हो गया। इसके बाद सरकार ने एसडीओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर और भोपाल तलब कर लिया है। कार्यवाही शनिवार देर शाम की है। शिकायत का मामला पिछले 4 महीने से चल रहा था शिकायतकर्ता से एसडीओ ने पिछले बुधवार फोन पर यह बात की थी।






मामला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के प्रभारी सहायक वन संरक्षक दिलीप कुमार मराठा का है। अजय नामक शिकायत कर्ता ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर बताया कि ग्राम पंचायत डोभा ग्राम गढ़पुरी जनपद पंचायत मानपुर के तहत विस्थापन के लिए मुआवजा की राशि वितरित की जा रही है। इसमें प्रकाशित सूची क्रमांक 424, 425 और 426 में प्रकाशित नाम रामशरण, विजय और विनीत के हैं जो कि पंचायत बनचाचर जनपद पंचायत जयसिंहनगर के रहने वाले हैं। ये पीएम आवास का लाभ ले चुके हैं। मुआवजे के लालच में उन्होंने अपना नाम गढ़पुरी में रामलाल से रामशरण करवा लिया है, जिससे मुवावजे की राशि मिल सके। एक ही व्यक्ति द्वारा नाम बदल-बदल कर शासन के साथ गड़बड़ी कर सभी लाभों को प्राप्त कर रहें हैं। जिसकी शिकायत उप संचालक बांधवगढ़ नेशनल पार्क को 15 मई 2024 को की गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। जब इस संबंध में अजय यादव ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की तो एसडीओ मराठा ने उसे फोन कर ऑफिस बुलाया लेकिन अजय यादव ने मौका स्थल पर आने की बात कही तो मराठा भड़क गए और उन्हें कहने लगे कि मुझे नौकर समझ रखा है नहीं आऊंगा जो बनता है...।

**कई स्थानों पर शराब की दुकान और अवैध गतिविधियां चल रही**

# सीएम की दो टूक, शैक्षणिक संस्थान और धार्मिक स्थलों से दूर किया नशे का कारोबार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक नहीं बल्कि कई बार कह चुके हैं कि शैक्षणिक संस्थान और धार्मिक स्थलों से नशे के कारोबार को दूर कर दिया जाए, लेकिन अफसर है कि मानने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे स्थानों के आसपास कई शराब की दुकान और अवैध गतिविधियां चल रही है जिसके कारण व्यवस्थाओं को जन्म मिल रहा है। हाल में हुई वित्त व वाणिज्यकर विभाग की बैठक में भी मुख्यमंत्री ने यह बात दोहराई थी और साफ-साफ कहा था कि शासकीय संस्थान कोई भी हो, उनके आसपास शराब की दुकानों का संचालन न हो। धार्मिक स्थलों के आसपास भी साफ स्वच्छ और नशा मुक्त वातावरण बना रहे। इस दिशा में तेजी से कम करें, जो भी शिकायतें इस संबंध में जुड़ी हो उनका तत्काल निराकरण करें। तब अधिकारियों ने दावे किए थे कि शैक्षणिक संस्थाओं और धार्मिक स्थलों के पास से शराब



दुकानों को 1.5 किलोमीटर दूर शिफ्ट कर दिया है। असल में मध्य प्रदेश की आबकारी नीति में कई खामियां हैं जिसका फायदा इस क्षेत्र में कारोबार कर रहे कई लोग उठा रहे हैं। विधायक कमलेश्वर डोडियार कई बार विधानसभा में यह बात उठा चुके हैं कि प्रदेश के कई ग्रामीण क्षेत्रों को नशे की लत में धकेल धकेला जा रहा है। गांव में अवैध शराब दुकान चल रही है जिसमें युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। विधायक कमलेश्वर डोडियार इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिख चुके हैं लेकिन गांव में फैला नशे का जाल कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मुख्यमंत्री ने आबकारी मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि हाल में यूपी की आबकारी नीति का अध्ययन करने के निर्देश दिए थे। यह भी कहा था कि उसमें से अच्छी व्यवस्था को अपनाएं। यूपी की आबकारी नीति को बेहतर बताया जा रहा है, जिसके कारण वह राजस्व भी बढ़ा है। जबकि मप्र में स्थिति उलटी है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों सख्त हिदायतें दीं।

### अधिकारियों ने यह भी दावे किए-

अधिकारियों ने दावा किया कि प्रदेश के सभी बार और मदिरा दुकानों की जियो-टैगिंग की गई है तथा मदिरा के उत्पादन, वितरण और विक्रय तक की समस्त प्रक्रियाओं की ई-आबकारी पोर्टल से समीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश में महुआ से 'हैरिटेज मदिरा' का विनिर्माण आरंभ किया गया है।

# डॉ. रंजना अग्रवाल ने कहा- अनादि काल से भारत में विज्ञान की परम्परा विद्यमान रही

**एनआईटीटीटीआर में विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में साइंस सोसाइटी एंड कल्चर - अ होलिस्टिक एप्रोच फॉर विकसित भारत विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रंजना अग्रवाल, निदेशक सीएसआईआर-निस्पर थीस शामिल हुए। डॉ. रंजना अग्रवाल ने कहा कि अनादि काल से भारत में विज्ञान की परम्परा विद्यमान रही है। हड़प्पा और मोहनजोदो की खुदाई से मिले साक्ष्य इस बात का प्रमाण हैं कि उन लोगों में विज्ञान की समझ थी। प्राचीन काल में भारत में विज्ञान की सबसे ब?ी उपलब्धियों में महर्षि सुश्रुत के द्वारा खोजी गई शल्य चिकित्सा है, दुनिया आज उन्हें 'फादर ऑफ सर्जरी' मानती है। नागार्जुन ने रसायन विज्ञान को जन्म दिया। मनुष्य और विज्ञान का विकास एक साथ होता है। विकसित भारत की कल्पना के लिए विज्ञान, समाज और संस्कृति के प्रति समग्र दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। विज्ञान हमारे समाज एवं संस्कृति का हिस्सा है। मनुष्य ने विज्ञान के माध्यम से कठिन से कठिन कार्य को सरल बना लिया है। आज देश की तरक्की के पैमाने का निर्धारण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर निर्भर करता है। जो देश विज्ञान के क्षेत्र में जितना उन्नति करेगा उसकी अर्थव्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी। विज्ञान को पृथक कर किसी समाज या राष्ट्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

कार्यक्रम के अंत में निटर निदेशक प्रोफेसर सीसी त्रिपाठी ने डॉ. रंजना अग्रवाल के महत्वपूर्ण विषय पर विशेष व्याख्यान देने के लिए उनका अभिनंदन एवं धन्यवाद दिया। उक्त व्याख्यान में प्रो. दिनेश अग्रवाल, कुलपति गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम एवं डॉ एसएस पांडा, पूर्व निदेशक निटर चेन्नई एवं संस्थान के संकायगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष के लिए 9 सितंबर को इंटरव्यू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जिला स्तरीय किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष-सदस्य के पदों के लिए पात्र अभ्यार्थियों के साक्षात्कार 9 सितंबर 2024 से प्रारंभ हो रहे हैं। साक्षात्कार के दिन समस्त सुसंगत दस्तावेजों का सत्यापन संचालनालय में ही किया जायेगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को अगाह किया है कि यदि अनाधिकृत व्यक्ति, कार्यालय संस्था द्वारा संपर्क किया जाता है तो किसी प्रकार की प्रतिक्रिया ना दे एवं उन्हें किसी भी प्रकार के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए। पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सूचना पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से ही प्रदाय किए जा रहे हैं।

## बीयू में ढाई करोड़ से बनेगी एआई लैब, छात्रों को मिलेगी हाईटेक रिसर्च सुविधा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आने वाले दिनों में बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी की तस्वीर बदली नजर आएगी। एआइ का हाईटेक लैब, विद्यार्थियों के रहने के लिए हॉस्टल और रिसर्च के लिए हाईटेक लेबोरेटरी बनाई जाएगी। बीयू नेशनल इंस्टीट्यूशनल रेकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) रेकिंग में अपनी भागीदारी दर्ज कराएगा। बीयू ने एआइ एडं मशीन लर्निंग पीजी कोर्स के साथ ही यूआइटी में बैचलर ऑफ वोकेशनल (बी-वॉक) कोर्स और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस शुरू किया गया है। बीयू में कप्यूटर साइंस की लैब है, लेकिन एआइ के बढ़ते क्रेज को देखते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं वाला नया लैब बनाने की योजना पर



कार्य किया जा रहा है। इसमें हाईटेक कंप्यूटर सिस्टम और सॉटवेयर होंगे। इस लैब के लिए ढ़ाई करोड़ का बजट रखाहै। पीएम ऊषा से मिलने वाली 100 करोड़ रुपए के ग्रांट से यह कार्य करने की योजना है। वर्तमान समय में एआइ की हल्की समझ रखने वाला व्यक्ति भी अपने काम को आसान बनाने के लिए चैटबॉट और चैटजीपीटी का इस्तेमाल कर रहा है। विश्वविद्यालय में लैब बनने के बाद छात्रों को रिसर्च में लाभ मिलेगा। **एआइ लैब के फायदे:** छात्रों को एआइ के नवीनतम तकनीकों और उपकरणों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। एआइ आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर सकेंगे।

## 341 शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त करने पर फिलहाल रोक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** स्कूल शिक्षा विभाग में बीएड की योग्यता के आधार पर प्राथमिक शिक्षक बनने वाले 341 शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त करने के मामले में अब नया मो? आया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने नियुक्ति निरस्त करने की कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा है कि मामला कोर्ट में होने के कारण शिक्षकों को नौकरी या स्कूल से न हटाया जाए। उन्हें वहीं काम करने दिया जाए, जहां वे पदस्थ हैं। बता दें कि 9 दिन पहले लोक शिक्षण संचालनालय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देकर नौकरी से हटाने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश को शिक्षकों ने कोर्ट में चुनौती दी है।







**मेट्रो एंकर** **स्कूल शिक्षा विभाग काउंसलिंग के आधार पर करेगा चयन, कल से शुरू होगी प्रक्रिया**

# नवनियुक्त शिक्षक अब सीएम राइज, जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल में भी पढ़ा सकेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश के नवनियुक्त शिक्षकों के लिए काम की खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग अब इन शिक्षकों को सीएम राइज, जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में पढ़ाने के लिए भेजेगा। स्कूल शिक्षा विभाग इन शिक्षकों को काउंसलिंग के माध्यम से सीएम राइज, जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों के लिए इन शिक्षकों का चयन करेगा।**




इस संबंध में विभाग ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। जारी आदेश में कहा गया है कि, वर्तमान में सीएम राइज, जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में रिक्त पदों के कारण पठन पाठन प्रभावित हो रहा है। राज्य स्तर पर यह निर्णय लिया गया है कि अक्टूबर 2021 से नियुक्त (नवनियुक्त) शिक्षकों को काउंसलिंग के माध्यम से इन विद्यालयों में पदस्थापना का अवसर दिया जाए। सीएम राइज, जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 9 सितंबर को काउंसलिंग की जाएगी।

### प्राचार्यों से मांगा ब्यौरा

जारी आदेश के अनुसार, सीएम राइज विद्यालयों, उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल के प्राचार्य यह भी जानकारी देंगे कि उनके यहाँ कार्यरत शिक्षकों में से विषयमान से कौन कौन शिक्षक अतिशेष हैं। उनकी सूची तैयार करेंगें। शाला में पदस्थापना दिनांक के आधार पर सबसे वरिष्ठ शिक्षकों को अतिशेष माना जाएगा। उसकी सूची की प्रविष्टि गूगल शीट पर करेंगें। सर्वप्रथम सी एम राइज विद्यालयों, उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल में कार्यरत एवं परीक्षा से चयनित अतिशेष शिक्षकों को अन्य सी एम राइज विद्यालयों, उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल के विषयमान से रिक्त पद के चयन का अवसर दिया जाएगा। यदि कोई शिक्षक इस काउंसलिंग में स्कूल का चयन नहीं करता है तो भविष्य में होने वाली काउंसलिंग में अन्य स्कूल चयन कर सकेगें।

# इंटरनेट का अंडरवर्ल्ड डार्क वेब



■ डा संजय वर्मा

जितना इंटरनेट हमें वेबसाइटों, सोशल मीडिया मंचों और मैसेजिंग ऐप आदि के जरिये दिखाई देता है, उससे कई गुना बड़ी दुनिया खुफिया इंटरनेट यानी डार्क वेब की है जो इसका आपराधिक गतिविधियों वाला हिस्सा है। इसकी गुमनाम वेबसाइटें काला धन सफेद करने, मादक पदार्थों, हथियार खरीदारी और पोर्न तथा यौन दुर्व्यवहार के मामलों से जुड़ी हैं। कोई नहीं जानता कि वहां कितनी वेबसाइटें हैं। दावे हैं, डीप और डार्क वेब इंटरनेट का 96 फीसदी हिस्सा हैं जहां 24 लाख लोग प्रतिदिन कोई काला धंधा खोजते हैं। इसके लिए खास लेयर्ड ब्राउजर होते हैं। डार्क वेब की निगरानी बेहद मुश्किल है।मानव सभ्यता की तरक्की को रोशनी से जोड़ा जाता है। वजह है अग्नि और फिर बिजली का आविष्कार। सदियों से अंधेरे में पड़ी दुनिया को इन चीजों ने सतत विकास के उजाले से भर दिया। लेकिन इससे अंधेरा खारिज नहीं हो जाता है। रात है, तभी तो दिन का महत्व समझ में आता है। फिर अंधेरा तो इस कायनात यानी ब्रह्मांड की मौलिक संरचना अर्थात बेसिक स्ट्रक्चर में शामिल है। हाल ही में,न्यू होराइजन यान से मिले आंकड़ों के आधार पर अमेरिकी स्पेस एजेंसी- नासा का अंधेरे के वजूद पर एक अध्ययन सामने आया है। इसमें दावा किया गया है कि ब्रह्मांड का ज्यादातर हिस्सा अंधेरे से भरा है। लाखों आकाशगंगाओं और मंदाकिनियों से भरे ब्रह्मांड में सितारों की चमक और रोशनी मौजूद जरूर है, लेकिन अंधकार का साम्राज्य चारों तरफ बिखरा है। अंधेरे की इतनी चर्चा का इधर एक संदर्भ सोशल मीडिया से जुड़े मैसेजिंग ऐप- टेलीग्राम के सीईओ पावेल दुरोव की गिरफ्तारी से जुड़ता है। दावा किया जा रहा है कि पावेल दुरोव ने टेलीग्राम के जरिये होने वाले अवैध कारोबार, मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, बच्चों के साथ यौन-दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामलों को रोकने की बाबत कुछ नहीं किया। यह बात इंटरनेट की अंधेरी दुनिया की है जिसमें तमाम गोरखधंधे बिखरे पड़े हैं।

डार्क वेब का टेलीग्राम; इंटरनेट के जिस खलनायकत्व वाले पहलू की चर्चा टेलीग्राम वाले मामले से जुड़कर शुरू हुई है, उसे डार्क वेब के नाम से जाना जाता है। जैसे एक दावा है कि हमारा ब्रह्मांड डार्क एनर्जी और अंधेरे से भरा हुआ है, बल्कि उसकी मात्रा प्रकाशमान और नजर आने वाले अंतरिक्ष के मुकाबले कई गुना ज्यादा है। ठीक उसी तरह माना जाता है कि जो इंटरनेट हमें वेबसाइटों, सोशल मीडिया मंचों और मैसेजिंग ऐप आदि के माध्यम से दिखाई देता है, उससे बीसियों गुना बड़ी दुनिया इंटरनेट के नहीं दिखने वाले पहलू की है। यह पहलू इंटरनेट के खुफिया, अवैध या आपराधिक गतिविधियों वाले संसार का है। टेलीग्राम ऐप के सीईओ पावेल दुरोव पर आरोप है कि दुनिया भर में उनका यह ऐप पेपरलीक, शेयरों की सट्टेबाजी, अवैध लेनदेन से लेकर बच्चों के यौन उत्पीड़न का जरिया बन गया है। चूंकि दुरोव टेलीग्राम पर हो रही इन गतिविधियों की अनदेखी करते रहे, तमाम गुजारिशों के बावजूद इनकी रोकथाम की असरदार कोशिशें नहीं कीं, इसलिए मामलों की जांच के सिलसिले में उन्हें फ्रांस में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि दूसरे सोशल मीडिया मंच और मैसेजिंग ऐप कोई दूध के धुले नहीं हैं। लेकिन टेलीग्राम की ओर से अवांछित गतिविधियों की निगरानी और रोकथाम के लिए कोई सद्इच्छा तक नहीं दिखाई जा रही थी, लिहाजा सीईओ को पकड़ लिया गया।

## सूचना का काला बाजार

आज की तारीख में कोई नहीं जानता कि कितनी वेबसाइटें हैं, कितने कारोबार हैं जो इंटरनेट के उस संसार में मौजूद हैं जो हमें आम तौर पर नजर नहीं आता है। गूगल के जरिये या समाचार अथवा खरीदारी कराने वाली ईकॉमर्स वेबसाइटों के जरिये हम इंटरनेट पर जो कुछ देख पाते हैं, उसमें ज्यादातर का वास्ता हमारे रोजमर्रा के जीवन से होता है। हम इनसे सूचनाएं पाते हैं। हम इनसे घर बैठे कई किस्म के कामकाज कर पाते हैं। हमारे मनोरंजन का बहुत सा हिस्सा भी इन्हीं सामान्य रूप से दिखने वाली वेबसाइटों पर निर्भर है। लेकिन इंटरनेट पर तमाम तरह की आपराधिक गतिविधियां भी चल रही हैं। साइबर हैकिंग से तो हम परिचित हैं, लेकिन कई गुमनाम वेबसाइटें हैं जो काले धन को सफेद करने में, मादक पदार्थों, हथियारों की अवैध खरीदारी और पोर्न तथा यौन दुर्व्यवहार से जुड़े वाकयों से संबंधित बताई जाती हैं। यकीन करना मुश्किल है, लेकिन डार्क वेब पर साइनाइड जैसे खतरनाक जहर की होम डिलीवरी भी होती है। अवैध हथियारों की बिक्री के साथ-साथ भाड़े के हत्यारे (कॉन्ट्रैक्ट किलर), वसूली के एजेंट, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, जाली पासपोर्ट, नकली ड्राइविंग लाइसेंस और फर्जी सरकारी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए जाते हैं। सरकारी वेबसाइटों और बैंकों के डाटा में सेंध लगाने वाले हैकरों की इस पर पूरी फौज उपलब्ध होने का दावा किया जाता है। एक दौर में यह दावा भी किया गया था कि इस्लामिक स्टेट जैसा आतंकी संगठन डार्क वेब के जरिये चंदा जुटाने का काम करता है। ये सारे गोरखधंधे एक ऐसे गुमनाम वैश्विक इंटरनेट सिस्टम का हिस्सा हैं जिनका ऊपरी तौर पर पता लगाना संभव नहीं होता है। कहा जाता है कि इंटरनेट के इस अंडरवर्ल्ड में सिर्फ खुफिया सूचनाएं ही उपलब्ध नहीं हैं, बल्कि क्रिप्टो करेंसी का लेनदेन, फर्जी पासपोर्ट और लाइसेंस, हथियार, अश्लील सामग्री और मादक पदार्थ तक मौजूद हैं जो कुछ अधिक कीमत चुकाने पर अवैध रूप से मुहैया करा दी जाती हैं। इंटरनेट का यह अंडरवर्ल्ड उन लोगों ने तैयार किया है जो इस विचार के समर्थक हैं कि इंटरनेट को दुनिया के किसी भी कानून की हद में नहीं बांधा जा सकता है। साथ ही, ये लोग सरकारी या कानूनी एजेंसियों की ओर से इस डार्क वेब की निगरानी के भी सख्त खिलाफ हैं।



इंटरनेट का 96 फीसदी हिस्सा; जब कभी भी डार्क और डीप वेब की बात उठती है, तो सबसे पहला सवाल यह सामने आता है कि आखिर इसका आकार दिखने वाले यानी सर्फेस इंटरनेट की तुलना में कितना है। दावे कहते हैं कि डीप और डार्क वेब मिलाकर इंटरनेट का 96 फीसदी हिस्सा घेरते हैं। हालांकि इसमें डीप वेब ज्यादा है जो सर्फेस वेब के मुकाबले 400-550 गुना ज्यादा है। जबकि डार्क वेब कहलाने वाले इंटरनेट के खालिस आपराधिक साम्राज्य का कारोबार महज कुछ हजार वेबसाइटों तक ही सिमटा हुआ है। हालांकि डार्क वेब के मुरीद काफी ज्यादा हैं। वर्ष 2023 में हुए एक आकलन के मुताबिक हर दिन औसतन 24 लाख लोग डार्क वेब की शरण में जाते हैं और वहां अपने मतलब का कोई काला धंधा खोजते हैं। हालांकि हमें यहां डीप और डार्क वेब का फर्क समझना जरूरी है। सर्फेस इंटरनेट के नीचे छिपा हुआ हिस्सा डीप वेब में गिना ज्यादा है जो मौजूदा इंटरनेट का कुल 90 फीसदी है। छिपा हुआ संसार तो डार्क वेब का भी है, लेकिन आपराधिक गतिविधियों को समर्पित अवैध धंधों वाले इस इंटरनेट का औसत 6 फीसदी ठहरता है। यह भी उल्लेखनीय है कि डीप और डार्क ङ्क दोनों को ही सामान्य या आम सर्च इंजनों से खोजा नहीं जा सकता है। यानी यूजर डाटाबेस, पेमेंट गेटवे या ईकॉमर्स वेबसाइटों की तरह इनकी खोज नहीं की जा सकती है। इसे खोजने के लिए खास ब्राउजर चाहिए होते हैं। मोज़िला या इंटरनेट एक्सप्लोरर जैसे आम ब्राउजर की तुलना में डार्क वेब तक पहुंचाने वाले ब्राउज़र लेयर्ड होते हैं यानी वे परत-दर-परत सुरक्षित किए जाते हैं ताकि उनमें सिर्फ वही लोग दाखिल हो सकें जिन्हें इसके लिए इस दुनिया से जुड़े लोगों ने अधिकृत कर रखा हो। इसका एक और खास पहलू है। वह यह कि सर्फेस, ओपन या आम इंटरनेट पर तो नजर रखी जा सकती है और उसकी ट्रैकिंग कहीं से भी संभव है। लेकिन डार्क वेब की निगरानी करना मुश्किल है। इसका कारण यह है कि इससे जुड़ी वेबसाइटों के आईपी एड्रेस को सॉफ्टवेयर की मदद से छिपा दिया जाता है। ऐसे में गूगल करने या ट्रैक करने वाली तकनीकों के जरिये इनके असली वेब एड्रेस और इस्तेमाल करने वालों (यूजर्स) तक पहुंचा नहीं जा सकता है। ऐसे में यह जानना लगभग नामुमकिन हो जाता है कि कौन सा शख्स दुनिया के किस कोने में बैठकर क्या बेच या खरीद रहा है। ऐसे में यह डार्क वेब आपराधिक किस्म के लोगों का अड्डा बन गया है और पुलिस व खुफिया एजेंसियां चाह कर भी इन पर हाथ नहीं डाल पाती हैं। इन्हें पकड़ने का एक रास्ता कारोबार में वैध करेंसियों के इस्तेमाल की निगरानी के जरिये मिल सकता है। यानी यदि कोई शख्स रुपये या डॉलर के डिजिटल स्वरूप जैसे ई-रुपये या यूपीआई से कोई भुगतान करता है या रकम प्राप्त करता है, तो उस करेंसी ट्रेल को ट्रैक किया जा सकता है। लेकिन अपराधियों से इससे बचने के लिए बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इन क्रिप्टो करेंसियों की खूबी यह है कि इसमें यह पता लगाना संभव नहीं है कि रकम एक हाथ से निकलकर किस दूसरे हाथ में पहुंची है और लेनदेन का रास्ता यानी ट्रेल क्या था।

साभार ~ लेखक विज्ञान मामलों के जानकार एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

### नहीं लग पाया अंकुश

डार्क वेब की पड़ताल में एक और बड़ी बाधा है। देखा गया है कि जिस तरह पाइरेसी (फिल्मों, गीतों की नकल ) और पोर्न (अश्लील सामग्री) साइटों को एक बार बंद कराने के बाद वे नए नाम से बाजार में हाजिर हो जाती है, उसी तरह यदि किसी तरह डार्क वेब की कुछ वेबसाइटों को खोजबीन कर बंद कराया जाता है, तो वे नए रूप और कलेवर में अपनी ग्राहकों को उपलब्ध हो जाती हैं। ऐसा नहीं है कि दुनिया में डार्क वेब के काले धंधे पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं हुई है। अब से करीब डेढ़ दशक पहले मादक पदार्थ मुहैया कराने वाली डार्क वेबसाइट 'सिल्क रोड' को अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने बड़ी मशक्कत के बाद 2013 में बंद करा दिया था। लेकिन पाया गया है कि एक साल बाद के अंतराल में ही 2014 से यह फिर से नशे का एक बड़ा बाजार बन गई थी। तब यूरोपोल (यूरोपीय खुफिया एजेंसी) की मदद से एफबीआई ने एक बार फिर इसे बंद कराया। इसके साथ-साथ मादक पदार्थों की दो अन्य डार्क वेबसाइटों- हंसा और एल्फाबे को एक टास्कफोर्स (डच नेशनल पुलिस, एफबीआई और डीईए ने मिलकर यह टास्कफोर्स बनाई थी) बंद कराया था। दावा किया गया कि इस छापेमारी में डार्क वेब के इन बाजारों के डाटाबेस से दुनिया भर में फैले नशे के कारोबारियों और खरीदारों के सुराग मिले थे, लेकिन इससे भी डार्क वेब पर यह कारोबार थमा नहीं।

### ऐसे हुई थी शुरुआत

यहां सवाल पैदा होता है कि आखिर वह क्या वजह थी जो इंटरनेट पर अंधेरे का ऐसा साम्राज्य तैयार हो गया और वह कौन था, जिसने इसे अमली जामा पहनाया था। बताते हैं कि इसकी असल शुरुआत 90 के दशक में खुद अमेरिकी सेना ने की थी। उसका उद्देश्य यह था कि संकलित की गई खुफिया जानकारी ऐसे नेटवर्क पर डाली जाएं जिन पर आम इंटरनेट उपभोक्ता नहीं पहुंच सकें, लेकिन अमेरिकी सेना के अधिकृत लोग दुनिया के किसी भी हिस्से में बैठकर वह जानकारी हासिल कर सकें। इसकी वास्तविक रणनीति यह थी कि उनके संदेश इंटरनेट की भीड़भाड़ की बातचीत में छिप जाएं। लेकिन तकनीक का यह अजूबा एक किस्म का भस्मासुर साबित हुआ। यहां एक सवाल यह है कि तकनीक से लैस होने के बावजूद दुनिया भर की साइबर पुलिस आखिर क्यों डार्क वेब की मार्फत हो रहे काले कारोबार पर लगाम क्यों नहीं लगा पा रही है। इसकी एक बड़ी वजह दुनिया के अलग-अलग देशों में लागू साइबर कानूनों की भिन्नता है। ऐसा कोई साझा वैश्विक कायदा नहीं बन सका है जिसमें इनसे जुड़े अपराधियों की धरपकड़ सुनिश्चित हो और उन्हें बराबर सजाएं मिलें। अलग-अलग देशों की पुलिस की सतर्कता का स्तर भी अलग-अलग होता है। कहीं तो पुलिस पूरी सतर्कता के साथ काम करती है, तो कहीं ऐसे मामलों में पुलिस का रवैया बेहद ढीला होता है। हमारे देश में ही साइबर पुलिस और थाने होने के बावजूद आलम यह है कि हर रोज सैकड़ों-हजारों लोग साइबर फर्जीवाड़े के शिकार होते हैं। इन मामलों में साइबर पुलिस का पीड़ितों के साथ रवैया भी बेहद लापरवाही भरा होता है। आम तौर पर साइबर पुलिस शिकायतकर्ता से ही अपराधी की धरपकड़ की उम्मीद करती है, खुद एक-दो विभागों को ईमेल भेजने के सिवा कोई हाथ-पैर नहीं हिलाती है। एकाध रसूखदार पीड़ितों के मामले हल कर मीडिया में वाहवाही लूटने वाली ऐसी साइबर पुलिस असल में किसी काम की नहीं है। सरकार को साइबर पुलिस और साइबर थानों पर खजाना लुटाने की बजाय पीड़ितों को उनका धन लौटाने की समझदारी दिखानी चाहिए।

# लगातार लड़ाई की जरूरत है...क्योंकि 'भद्रलोक' की बस्तियों में भी बसते हैं भेड़िये

**लगातार लड़ाई की जरूरत है...क्योंकि 'भद्रलोक' की बस्तियों में भी बसते हैं भेड़िये मलयालम फिल्म उद्योग को लेकर आई जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट स्तब्ध करने वाली है।? हॉलीवुड और बॉलीवुड, जैसे हाई प्रोफाइल फिल्म उद्योगों में भी महिलाओं का शोषण होता रहा है। इस मामले में बातें तो बहुत हुई हैं, लेकिन? जब तक ठोस नियमन नहीं होता, तब तक लगातार लड़ने की जरूरत है।**

■ अद्वैता काला

प्रतिशोध की कहानियों ने हमेशा फिल्म निर्माताओं और सिनेमा दर्शकों को आकर्षित किया है। लेकिन 17 फरवरी, 2017 में मलयालम अभिनेत्री के साथ जो हुआ, उससे न केवल मलयालम फिल्म उद्योग, बल्कि पूरा देश सदमे में है। हाल ही में उस घटना के संबंध में जब जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट उजागर हुई, तो एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में आ गया।यह सब तब शुरू हुआ, जब अभिनेत्री शूटिंग के बाद घर लौट रही थी। जिस कार में वह यात्रा कर रही थी, उसे रोककर पांच आदमी उसमें सवार हो गए। अगले दो घंटों तक उन्होंने उसका यौन शोषण किया और इस भयावह घटना को रिकॉर्ड किया। उस हमले के बाद वह अभिनेत्री अपने एक सहकर्मी के घर पहुंची, जिसने उसे रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। इस तरह यह सात साल पुरानी कहानी शुरू हुई, जो अब भी सुर्खियों में है और फिल्म जगत की चमक-दमक के पीछे की अनैतिकता को उजागर कर रही है, क्योंकि मलयालम सिनेमा की और भी महिलाओं ने साहस जुटाया और अपने स्तब्ध कर देने वाले कटु अनुभवों के साथ आगे आईं।

यह आंदोलन विकसित और प्रगतिशील माने जाने वाले मलयालम फिल्म उद्योग के बारे में बहुत कुछ बताता है। लेकिन यह मानना भोलापन होगा कि अन्य उद्योगों में ऐसा नहीं होता, जिसमें हॉलीवुड भी शामिल है, जिसे प्रगतिशील मूल्यों वाला फिल्मोद्योग माना जाता है। हॉलीवुड में मीटू आंदोलन ने इस उद्योग के सबसे कायर और कामुक लोगों में से एक हार्वे वीनस्टीन के नाम को उजागर किया, जो अब अपने अपराधों के लिए जेल में है। फिर भी दशकों तक वह वैश्विक मनोरंजन उद्योग का चहेता था, उसने ऑस्कर पुरस्कार जीते और खूबसूरत अभिनेत्रियां उसके साथ थीं। यह सब तब हो रहा था, जबकि इस व्यवसाय के अंदरूनी लोग उसकी गतिविधियों और शोषण के बारे में जानते थे।

अक्सर डब्ल्यूसीसी (मलयालम सिनेमा में बहादुर महिलाओं द्वारा स्थापित संगठन) ने बताया है कि कैसे पुरुषों का एक समूह शिकारी की तरह काम करता है और वे एक-दूसरे को बचाते हैं। यह समूह इतना शक्तिशाली है कि जिन महिलाओं ने इस मुद्दे को उठाया है, उन्हें काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है और उन्हें मुश्किल से काम मिल रहा है। कल्पना कीजिए कि यह ऐसी स्थिति है, जिसमें कुछ भी छिपा हुआ नहीं है। वर्ष 2017 में हुए उस क्रूर अपराध की प्रेरणा यह थी कि कथित तौर पर अभिनेत्री सुपरस्टार दिलीप की पूर्व पत्नी की करीबी दोस्त थी, जिसे उसने अपने विवाहेत्तर संबंध के बारे में बताया, जिसके कारण तलाक हो गया। आरोप है कि दिलीप को लगता था कि पूर्व पत्नी से तलाक में इस अभिनेत्री का हाथ है। इसलिए वह गुस्से से आगबबूला हो गया और उसने बदला लेने की ठान ली। यह एक सी ग्रेड फिल्म की पटकथा की तरह लगता है, फर्क सिर्फ इतना है कि हमला वास्तव में हुआ था और चौंकाने वाली यह घटना याद दिलाती है कि फिल्म उद्योग में पुरुष वर्ग न केवल बॉक्स ऑफिस पर, बल्कि फिल्म उद्योग के अंधेरे हिस्से में भी हावी है।




हाल ही में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन पर एक युवा प्रशंसक, जिसने उसकी प्रेमिका को अश्लील संदेश भेजा था, की हत्या का आरोप लगा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह अब जेल में है और हाल ही में कुर्सी पर आराम से बैठकर सिगरेट पीते हुए उसकी तस्वीर सामने आई थी। यह आरोप लगाया गया है कि जिस पिटाई के कारण उस व्यक्ति की मौत हुई, वह दर्शन के आदेश पर उसके 'प्रशंसकों' द्वारा की गई थी। फिर से अधिकार की एक भ्रामक भावना और यह धारणा पसरी कि दुनिया और विशेष रूप से महिलाएं उनके इशारों पर नाचने के लिए उपलब्ध हैं। लेकिन इस तरह के खुलासे हमें कहां ले जाएंगे? बेशक ऐसी घटनाओं की अभी बाढ़ नहीं आई है और ऐसी घटनाएं कभी-कभार ही सामने आती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह शोषण अन्य फिल्म उद्योगों में नहीं होता है, जिसमें सबसे हाई प्रोफाइल बॉलीवुड भी शामिल है। अब तक, यौन शोषण की रिपोर्ट के मामलों को 'गॉसिप' या 'विवादास्पद' महिलाओं द्वारा ध्यान आकर्षित करने का हथकंडा बताकर खारिज कर दिया गया है।

हालांकि, इसमें बदलाव आना तय है। मीटू के बाद पहली बार, जो भारत में असमय खत्म हो गया, ऐसा लगता है कि इन प्रथाओं पर लगाम लगाने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और जब यह बांध टूटेगा, जैसा कि मलयालम फिल्म उद्योग में हुआ है, तो जिन लोगों को हम आम जनता ने आदर्श के रूप में सम्मान दिया है, उनमें से कई लोगों की असली पहचान सामने आ जाएगी।

हालांकि यह एक ऐसी लड़ाई है, जिसमें विवेकवान पुरुषों?भी को शामिल होना चाहिए, क्योंकि अगर पुरुष समस्या का हिस्सा हैं, तो वे समाधान का भी हिस्सा हैं। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि एक समाज के रूप में हम आज भी पुरुष प्रधान हैं, और फिल्म उद्योग के प्रमुख सदस्यों के रूप में शक्तिशाली पुरुषों को महिलाओं के साथ हाथ मिलाकर सिस्टम को साफ करने की जरूरत है।

इस एकजुटता की सार्वजनिक घोषणाओं के साथ-साथ इस बात पर भी जोर दिया जा सकता है कि वे जिस फिल्म सेट पर काम करते हों, वह उच्च दिशा-निर्देशों का पालन करता हो और महिलाओं के लिए कार्यस्थल सुरक्षित हो। अगर वीएफएक्स और वैनिटी वैन पर भारी बजट खर्च किया जा सकता है, तो महिलाओं के लिए स्वच्छ और सुलभ शौचालय, आराम करने की जगह और सुरक्षित यात्रा के लिए बजट क्यों नहीं बनाया जा सकता?

मैं चाहे जितना भी यह मान लूं कि मैं एक सशक्त महिला हूं, लेकिन हकीकत यह है कि आज भी मैं रात के दो बजे अकेले हाईवे पर कार में नहीं जा सकती, लेकिन मेरे पुरुष साथी ऐसा कर सकते हैं। यही नहीं, मैं तो सुबह आठ बजे भी हाईवे पर अकेले गाड़ी नहीं चला सकती। मात्र दो महीने पहले जब मैंने ऐसा किया, तो हाईवे पर कुछ किलोमीटर तक पुरुषों से भरी एक कार ने मेरा पीछा किया। यह मेरी और मेरे जैसी अन्य कई महिलाओं की सच्चाई है, और जब तक यह स्थिति नहीं बदल जाती, महिलाओं की लड़ाई जारी रहेगी।

खाद्यान्न वितरण में लापरवाही: कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा राशन दुकानों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया

# कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित 3 अन्नदूत परिवहनकर्ताओ को नोटिस जारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों एवं मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजनांतर्गत खाद्यान्न वितरण में लापरवाही करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिपरिया सहित 03 अन्नदूत परिवहनकर्ताओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती ज्योति जैन सिंघई द्वारा बताया गया कि समीक्षा के दौरान पाई गई वस्तु स्थिति के अनुसार मनोज शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिपरिया द्वारा माह सितम्बर 2024 में की गई अतिरिक्त आवंटन की मांग से अधिक मात्रा में एईपीडीएस पोर्टल पर अतिरिक्त आवंटन की प्रविष्टि जेएसओ लॉगइन से किया जाना पाया गया। इस प्रकार शुक्ला द्वारा मांग से अधिक मात्रा में एईपीडीएस पोर्टल पर जेएसओ लॉगइन से अतिरिक्त आवंटन की प्रविष्टि की जाकर, शासन निर्देशों की अव्हेलना की गई तथा माह सितम्बर 2024 में अतिरिक्त आवंटन प्राप्त करने के लिए अपात्र शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को अतिरिक्त आवंटन प्रदाय कर अनुचित लाभ पहुंचाने के कारण शुक्ला को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी प्रकार ब्रजेश पाल, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ता सेक्टर क्रमांक 01 तहसील बनखेडी, ओम सिंह तोमर मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ता सेक्टर क्रमांक 01 तहसील पिपरिया एवं श्री ओमप्रकाश पटेल, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ता सेक्टर क्रमांक 02 तहसील पिपरिया के द्वारा दुकानों पर निर्धारित समय-सीमा में माह सितम्बर 2024 का आवंटित खाद्यान्न नहीं पहुंचाया गया जो कि शासन की मंशा के विपरीत है। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ताओं का उक्त कृत्य शासन निर्देशों की अवहेलना मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजनान्तर्गत राशन सामग्री परिवहन करने के लिए निष्पादित त्रि-पक्षीय अनुबंध की शर्त का उल्लंघन होने के चलते उक्त तीनों मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ताओं को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। उपरोक्तानुसार मनोज शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिपरिया, श्री ब्रजेश पाल, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ता सेक्टर क्रमांक 01 तहसील बनखेडी, ओम सिंह तोमर, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ता सेक्टर क्रमांक 01 तहसील पिपरिया एवं ओमप्रकाश पटेल, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत परिवहनकर्ता सेक्टर क्रमांक 02 तहसील पिपरिया को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने से 03 दिवस की समय सीमा में पत्र का उत्तर चाहा गया है। कारण बताओं सूचना पत्र का उत्तर संतोषजनक प्राप्त ना होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## नपा कर्मचारियों ने फाड़ा बाबा रामदेव का होर्डिंग, मचा बवाल

# नपा अध्यक्ष पहुंचे थाने कहा-सीएमओ सहित कर्मचारियों पर एफआईआर हो



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

पिछले दिनों बाबा रामदेव के अवतरण दिवस पर बानापुरा बस स्टेंड के पास लगे एक स्वागत द्वार को हटाने को लेकर एक बड़ा विवाद हो गया विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि मामला थाने तक पहुंच गया। नगर पालिका अध्यक्ष सहित बाबा भक्त सैकड़ो की संख्या में पुलिस थाने पहुंचकर सीएमओ शीतल भलावी सहित कर्मचारियों पर मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। गौरतलब है कि रामदेव बाबा समिति द्वारा रामदेव उत्सव को लेकर नगर पालिका सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई। बैनर, फ्लेक्स, कटआउट और स्वागत द्वार लगाने के लिए नगर पालिका के ठेकेदार से बात करके इसका शुल्क भी जमा किया गया, लेकिन जब मुख्य मार्ग पर लगे एक स्वागत द्वार को लेकर विवाद बना तो नगर पालिका सीएमओ ने कुछ कर्मचारियों को भेजकर उक्त फ्लेक्स को हटाने के निर्देश दिए।आप को बता दें कि बाबा रामदेव के अवतरण दिवस पर बाबा रामदेव समिति ने होर्डिंग सहित गेट लगाये थे। जिसे नगर पालिका कर्मचारियों ने फाड़ दिया। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बाबा रामदेव समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित धार्मिक संगठनो की भीड़ जमा हो गई। सभी एकत्रित होकर थाने पहुंचे बाबा रामदेव समिति के सदस्यों ने बताया की कल ही बाबा रामदेव का अवतरण दिवस था और हमने बाबा रामदेव के फ्लेक्स लगवाए थे जिसे आज नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा फाड़ दिया गया। जिससे हमारी धार्मिक भावनाए आहत हुई है। जिसको लेकर बड़ी संख्या में भाजपा, कांग्रेस सहित संगठनों के जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता पुलिस थाने पहुंचकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे।



सूत्रों की माने तो रामदेव बाबा समिति द्वारा रामदेव बाबा उत्सव को लेकर शहर में लगभग 100 से 120 कटआउट, 8 से 12 छोटे बड़े होर्डिंग सहित स्वागत द्वार लगाने को लेकर नगर पालिका के ठेकदार से 25 से 30 हजार में सौदा किया गया। जिसमें से लगभग 15 से 17 हजार रूपए का भुगतान रामदेव बाबा समिति द्वारा उक्त ठेकेदार को कर दिया गया। जिस स्वागत द्वार को लेकर विवाद हो रहा है वह स्वागत द्वार जिस दिन रामदेव बाबा मंदिर में कार्यक्रम था उस दिन नहीं लगने के बजाए उसके अगले दिन लगाया गया था। कहा जा रहा है कि रामदेव बाबा समिति के सदस्यों को ठेकेदार ने बताया था कि सारे बैनर, फ्लेक्स, होर्डिंग व स्वागत द्वार लगाने की अनुमति है।

### इनका कहना है...

*बाबा रामदेवजी का एक बोर्ड लगा था खेड़ापति के सामने, हमने नगर पालिका वालो के द्वारा ही पूरा काम किया था। हमने तो आगे का बोला था, उन्होने यहां लगा दिया। न्यूज आने के बाद हमने उनसे बोला कि अगर कोई दिक्कत हो तो निकाल तो उन्होने बोला कि नहीं कोई दिक्कत नहीं, आप बेफिक्र रहो। सुबह उस बोर्ड को फाड़ दिया गया, जिसमें बाबा की फोटो है, बाबा को हम सबसे ज्यादा मानते है। उनका अपमान करने के पहले हमे सूचित कर देते कि बोर्ड निकाल दो, यह गलत लगा है तो हम निकाल लेते। उन्होने फाड़ कर निकाला तो बाबा का अपमान होता है। भावनाओं को ठेस पहुंचती है। सब बाबा भक्त इकट्ठे हुए कि बिना बताए ऐसा क्यों किया। अब हम कार्रवाई चाहते है।*

***संजीत अग्रवाल,** अध्यक्ष रामदेव बाबा समिति*

*निरंतर दो तीन महीने से मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपनी मर्जी से परिषद के नियमों का उल्लंघन करते हुए गरीब लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। विगत तीन दिन से उन्होने अति कर दी, परसों उनकी गाड़ी उनके घर नहीं जा रही थी तो गरीब ठेले वालों के ठेले फेंके, आज सुबह से गणेशजी वालों से अवैध वसूली की जा रही है, जबकि परिषद का प्रस्ताव ऐसा है ही नहीं। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा गणेश प्रतिमाओं को बेचने वाले दुकानदारों से पांच से छह हजार रूपए लिए जा रहे है जबकि परिषद की बैठक में इन दुकानदारों से 2 हजार 15 सौ 1 हजार लेना तय हुआ था वहीं नीचे बैठने वालों से कोई पैसा नहीं लेने की बात भी परिषद की बैठक में हुई थी इन सब के बाद उन्होने एक बड़ा काम किया एक बोर्ड जो बाबा रामदेव का लगा था उस बोर्ड को बुरी तरह से चीर फाड़ के बुरी तरह से फिकवाया। इस संबंध में मैं पहले कलेक्टर, कमिश्नर, हमारी पार्टी के जिलाध्यक्ष महोदय, यहां तक मंत्री महोदय को भी बता चुका था कि दो तीन महीने से इनकी कार्यप्रणाली ऐसी चल रही है। चूंकि आज अति हो गई है, धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना, इसलिए हमको उनकी शिकायत करने के लिए थाने आना पड़ा।*

***रिंकू जैन,** अध्यक्ष, नगर पालिका सिवनी मालवा*

*रामदेव बाबा की दूज थी, उनका जन्मोत्सव मनाया गया। हजारो लोग इकट्ठे हुए थे, जिसको लेकर नगर में जगह जगह फ्लेक्स लगे हुए थे, जिसमें से एक फ्लेक्स बाबा का नपा कर्मचारी द्वारा फाड़ा गया, उसे रोड पर फेंका गया, जब भक्तों का पता चला तो थाने में स्रद्धक्रके लिए आवेदन देने के लिए इकट्ठे हुए है क्योंकि सिवनी मालवा तहसील में 70 हजार भक्त दूज पर एकत्रित हो सकते है तो दशमीं के दिन विशाल जुलुस निकलेगा, जिसमें कितने भक्त इकट्ठे होगें इस बारे में कुछ नहीं कह सकते। कार्रवाई नहीं हुई तो ष्टस्न्न और कर्मचारियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन हो सकता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।*

***दीपक अग्रवाल,** रामदेव बाबा भक्त*

*बाबा रामदेव समिति सहित जनप्रतिनिधियों ने थाने पहुँच आवेदन दिया है। जिसमे उन्होंने बताया है की नगर पालिका के द्वारा बाबा रामदेव के फ्लेक्स को फाड़ा गया है जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। मामले में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।*

***राजू रजक,** एसडीओपी सिवनी मालवा*

*मुझे एसडीएम द्वारा सड़क पर लगाए फ्लेक्स को निकालने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके चलते मैने कर्मचारियों को फ्लेक्स निकालने के निर्देश दिए थे। वहीं जो होर्डिंग सड़क पर लगाया गया था वो पूरी तरह अवैध था, जिसकी कोई परमिशन नहीं ली गई थी। मेरे द्वारा होर्डिंग साइड में करने को कहा गया था फाड़ने की बात नहीं हुई थी। हम धर्म का सम्मान करते हैं, हमारा उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करना नहीं था। मेरे द्वारा एक समिति गठित की जाएगी। जिसमें कुछ पार्षद भी रहेंगे जिन कर्मचारियों ने ये हरकत की है उन पर हम करवाई करेंगे। वहीं जल्द परिषद में ठेके को निरस्त करने के विषय में भी निर्णय लिए जाएंगे।*

***शीतल भलावी,** सीएमओ, नपा सिवनी मालवा*

*होर्डिंग फाड़ने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 299 के तहत मामला पंजीबद कर लिया गया है विवेचना के बाद कार्रवाई की जाएगी।*

***श्रीमती उषा मरावी,** थाना प्रभारी सिवनी मालवा*

# नपा अध्यक्ष ने 5 वार्डों में किया निरीक्षण कहीं रोड तो कहीं नाली की समस्या

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने एक दिन में पांच वार्डों का निरीक्षण किया। वार्ड 1, 7, 9, 14 और 28 में सडक, नाली निर्माण के अलावा साफ सफाई की स्थिति का जायजा लिया। वार्ड 7 में स्थानीय नागरिकों के साथ पौधरोपण के लिए स्थान भी देखा।



**निरीक्षण वार्ड 1:** नपाध्यक्ष श्री चौरे ने वार्ड क्रमांक 1 में पार्षद दिलीप गोस्वामी, अशोक मालवीय के साथ निरीक्षण किया। यहां पर रोड व एक नाली निर्माण कार्य कराने के निर्देश उपयंत्री को दिए हैं। इसके अलावा नाली की सफाई व अन्य कार्यों के निर्देश दिए।

**निरीक्षण वार्ड 7:** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड 7 का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाधर नामदेव, पार्षद प्रतिनिधि मनीष चौधरी व अन्य मौजूद थे। यहां पिंक सिटी के पास रिक्त पडी भूमि पर वृक्षारोपण के लिए फेंसिंग करवाने के निर्देश जारी किए हैं। यहां पिंक सिटी के नागरिकों द्वारा एक ज्ञापन पिछले सप्ताह दिया गया था।

**निरीक्षण वार्ड 9:** वार्ड क्रमांक 9 में सभापति पार्षद मीरा यादव के वार्ड में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद राजकुमार यादव, कल्लू गोलंदाज, अमीना बी, विशाल कुशवाह भी मौजूद थे। यहां आवाम नगर की नाली, रोड की समस्या देखी और तत्काल ही स्टीमेट बनाकर प्रक्रिया पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। छात्रावास के पीछे झुग्गी क्षेत्र में लाइट लगाने के निर्देश दिए है। वहीं क्षतिग्रस्त हो चुकी पुलिया के लिए स्टीमेट बनाकर टेंडर जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इस दौरान उपयंत्री मुकेश जैन, टाइम कीपर राजेश दीक्षित मौजूद थे।

**निरीक्षण वार्ड 14:** इसके अलावा शाम को नपाध्यक्ष श्री चौरे ने वार्ड 14 में पार्षद संजय ठाकुर के साथ निरीक्षण किया। यहां पर आईएचएसडीपी योजना के तहत बनी कॉलोनी में नागरिकों से मिले और संवाद किया। यहां साफ सफाई के अलावा कुछ निर्माण कार्य होने हैं।

**निरीक्षण वार्ड 28:** नपाध्यक्ष ने वार्ड 28 में पार्षद श्रीमती वंदना ओझा के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद संजय चौधरी, अभिषेक ओझा, उपयंत्री आदित्य पांडे, बेबू गुरयानी, प्रकाश दुबे, कन्हैया गुरयानी व वार्ड के नागरिक मौजूद थे। यहां मंदिर क्षेत्र में चारों तरफ रोड निर्माण किया जाना है। इसके साथ ही यहां पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी जारी किए हैं।

## नर्मदा कॉलेज में 3 वर्षीय डिग्री कोर्स रिटेल ऑपरेशन मैनेजमेंट पढ़ाया जाएगा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 3 वर्षीय डिग्री कोर्स बीकॉम रिटेल ऑपरेशन मैनेजमेंट 2024 - 25 से प्रारंभ किया जा रहा है ।रिटेल ऑपरेशन मैनेजमेंट कोर्स की जागरूकता के लिए क्रिस्प भोपाल से आए अभिषेक सैनी ने विद्यार्थियों को उक्त कोर्स की उपयोगिता और पढ़ाये जाने वाले सभी विषयों की संक्षिप्त में जानकारी दी । तीन वर्षीय डिग्री कोर्स में प्रथम 2 वर्ष महाविद्यालय में ही नियमित कक्षाओं के माध्यम से ही पढ़ाये जाएंगे एवं तीसरे वर्ष अप्रेंटिसशिप के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में जाना पड़ेगा जहां उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रशिक्षण के माध्यम से दिया जाएगा ।साथ ही न्यूनतम रू. 8000 प्रति महीना स्टाइपेंड भी दिया जाएगा ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया ।प्राचार्य डॉ.अमिता जोशी ने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया । डिग्री कोर्स की नोडल डॉ प्रीति उदयपुरे ने बताया कि विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ अप्रेंटिसशिप के माध्यम से अपने कौशल विकास के अवसर और स्टाइपेंड भी प्राप्त होगा यह कोर्स विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर के मार्ग प्रशस्त करेगा । कार्यक्रम में डॉ.आर एस बोहरे, डॉ बी एस आर्य, डॉ कमल वाधवा, डॉ केशव मिश्रा, दिनेश श्रीवास्तव, डॉ रोशनी थापक, डॉ मालती पटेल श्रीमती रीना सक्सेना, डॉ नीता वर्मा, उमेश सेन, वरुण तिवारी उपस्थित रहे ।

# डीआरएम ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

पश्चिम मध्य रेल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने रानी कमलापति-इटारसी रेल खंड और नर्मदापुरम एवं इटारसी रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर अमृत स्टेशन योजना के तहत नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशनों पर हो रहे नवनिर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करना था।

### इको फ्रेन्डली गणेश प्रतिमा भेंट की

इटारसी रेलवे स्टेशन पर डीआरएम को चीफ यार्ड मास्टर विनोद कुमार चौधरी के परिवार ने इको फ्रेन्डली गणेश की प्रतिमा भेंट की। श्री चौधरी विगत कई वर्षों से इको फ्रेन्डली गणेश प्रतिमाएं बड़ी संख्या में बनाकर निशुल्क वितरण कर रहे हैं। आज गणेश चतुर्थी पर रेलवे कर्मचारी समेत उनके परिवार ने तीन सैंकड़ा से भी अधिक गणेश प्रतिमा का निशुल्क वितरण किया। डीआरएम ने उनकी सराहना की।



### विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया डीआरएम ने

निरीक्षण के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक ने रानी कमलापति से इटारसी तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया, जिसमें रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और सुरक्षा उपायों की स्थिति की बारीकी से जांच की। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और सुगम रेल यात्रा सुनिश्चित करने ट्रैक और सिग्नलिंग की नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के बाद, मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे यात्री सुविधाओं में सुधार और कर्मचारियों के कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### नर्मदापुरम में यह देखा

नर्मदापुरम स्टेशन पहुंचने पर, मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, खानपान यूनिटों, आरक्षण कार्यालय, बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया और फुट ओवर ब्रिज का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों और संरक्षा मानकों की भी जांच की।

### इटारसी स्टेशन व यार्ड का निरीक्षण

इटारसी यार्ड का निरीक्षण करते हुए, मंडल रेल प्रबंधक ने सुरक्षित और संरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशन,रेलवे ट्रैक, पॉइंट्स और क्रॉसिंग, सिग्नलिंग सिस्टम और सुरक्षा उपायों की जांच की। उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षण सुरक्षित और सुगम रेल यात्रा के लिए जरूरी है। निरीक्षण के बाद, उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए किए जाएं।

### ये रहे निरीक्षण में साथ

निरीक्षण के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक के साथ वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य) महेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सिग्नल) राव अभिषेक और वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा सहित, मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे सहित अन्य अधिकारी और पर्यवेक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

## स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावासों एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण

# अफसरों ने विद्यार्थियों को गणित के सवाल समझाएं, मध्यान्ह भोजन को भी किया चेक

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों आंगनबाड़ी केन्द्रों छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं एवं निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया।



वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के वासुदेव दवंडे, ने पिपरिया के ई सेवा केंद्र ग्राम पंचायत खेरा का निरीक्षण किया एवं माध्यमिक शाला खैरा में उन्होनें विद्यार्थियों को रोचक तरीके से गणित के सवाल समझाये। उन्होनें ग्राम खैरा में निर्माणाधीन नलजल योजना का निरीक्षण किया साथ ही बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन को चैक किया। मध्यान्ह भोजन रुचिकर पाया गया। जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी श्रीमती ज्योति जैन सिंघई ने नर्मदापुरम के शासकीय कन्या उच्च.मा.वि. जुमेराती का निरीक्षण किया। उन्होनें मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी जांची। बच्चों के बीच पहुंचकर बच्चों की शैक्षणिक योग्यता को परखा। स्कूल परिसर में कचरे के ढेर दिखने पर उन्होनें नाराजगी व्यक्त की और कचरा हटाकर परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये। उन्होनें वार्ड 27 के आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। केन्द्र में बच्चों को पर्याप्त पोषण आहार दिया जा रहा है।

जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम ने शा0 कन्या उच्चमावि सोहागपुर का निरीक्षण किया। वे स्कूल की प्रार्थना में शमिल हुए। बच्चों को प्रेरणादायी सीख दी एवं कक्षा में पहुंच कर छात्राओं को पाठ्य पुस्तक संबंधी प्रश्न पूछे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने ग्राम पंचायत सांवलखेडा एवं बेहराखेडी में स्कूलों एवं आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होनें पंचायत में संचालित ई केवायसी शिविरों का भी अवलोकन किया। ए.डी.ई.ओ राजेश गुप्ता ने ग्राम गूजरवाडा के आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। डीपीसी डॉ राजेश जैसवाल शासकीय कन्या उच्च मावि सूरजगंज का निरीक्षण किया। उन्होनें परिसर में स्वच्छता, छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने, माध्यमिक शाला के शौचालय की मरम्मत तथा एनएएस हेतु तैयारी करनें के निर्देश दिये। उन्होने स्टैशनगंज शाला में अनुपयोगी कक्ष को जीर्ण शीर्ण घोषित करने के लिए इंजिनियर के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर लोक निर्माण विभाग को भेजने के निर्देश दिये। छात्राओं के साथ संवाद कर क्लास, कैंपस एवं कॉरीडोर स्वच्छ एवं सुदर बनाने के लिए प्रेरित किया।


जनपद पंचायत सोहागपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी संजय अग्रवाल ने ईकेवायसी कैंप शोभापुर का निरीक्षण किया। प्राचार्य कन्या महाविद्यालय डॉ कामिनी जैन ने अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास नर्मदापुरम का निरीक्षण किया। छात्राओ को पढ़ लिखकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत सिवनी मालवा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रुति चौधरी ने ग्राम धमासा में प्रगतिरत नलजल योजना का निरीक्षण किया। गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने सोमलवाडा के स्कूल का निरीक्षण कर खेल मैदान में खेल गतिविधि आयोजित करने के निर्देश दिये थे। अब स्कूल में खेल गतिविधियां प्रारंभ करा दी गई है। डीआर सीएस शिवम मिश्रा ने पिपरिया के ग्राम राईखेडी के हाई स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमन्त सूत्रकार ने ग्राम खेड़ला में स्थित नलजल योजना रेट्रो फिटिंग का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।



## दीपक बने नर्मदापुरम संभाग प्रभारी

**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विष्णु दत्त शर्मा एवं संगठन महामंत्री हितानंद के आदेश अनुसार में नर्मदापुरम संभाग के प्रभारी की नियुक्ति की गई है। नर्मदा पुरम संभाग प्रभारी दीपक हरिनारायण अग्रवाल को नियुक्त किया गया है,संजीव हुरा को नर्मदापुरम जिला प्रभारी व राजकुमार चौकसे को सह प्रभारी नियुक्त किया है।श्री अग्रवाल की नियुक्ति पर उनके समर्थको में खुशी की लहर है।

# पूजा अर्चना महाआरती के साथ धूमधाम से विराजे गणेश



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गणेश चतुर्थी के साथ ही नगर में गणेशोत्सव पर्व का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर में अनेक स्थानों पर भगवान गणेश की स्थापना के साथ गणेश की अथाई स्थित प्राचीन सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना एवं महाआरती कर भगवान श्री गणेश की उपासना की गई।

गणेश मंदिर के प्रधान पुजारी ज्योतिषाचार्य पंडित नालिनीकांत शर्मा ने मंदिर परिसर में गणेश उत्सव सेवा समिति के सदस्यों के साथ सर्वप्रथम भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले गणेशोत्सव पांडाल में भगवान गणेश की विशालकाय गणेश प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना कर मोदक एवं फल का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्ण बिहारी पांडे, कृष्ण बिहारी पांण्डेय , शिव कुमार मिश्रा, रघूनंदन शर्मा,सरसिज शर्मा,रमेश यादव, दीन दयाल शर्मा, संतोष चौरे, सर्वेश शर्मा, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, बलजीत यादव,मुंशीलाल कुशवाह ,



सचिन शर्मा ,नरेन्द्र पाटीदार , जगदीश शर्मा,देवेश वशिष्ठ,राजू रिछारिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अपर मुख्य सचिव ने भ्रमण कर कामकाज का जायजा लिया





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

वन एवं सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल तथा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज विदिशा जिले के ग्राम सांकलखेडा, पीपलखेडा, रमपुराजागीर एवं हींगली में पहुंचकर क्रियान्वित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का जायजा लिया है।

ग्राम सांकलखेडा में संचालित सहकारिता समिति एवं ग्राम पीपलखेडा की शासकीय उचित मूल्य दुकान के माध्यम से शासन की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री के वितरण का जायजा लिया है। भ्रमण के दौरान पौधरोपण कार्यो में भी सहभागिता निभाई है। अपर मुख्य सचिव श्री वर्णवाल ने पांच वर्ष पूर्व ग्राम रमपुराजागीर में लगाए गए पौधो का अवलोकन किया वहीं ग्राम हींगली में नवीन पौधरोपण कार्यो का अवलोकन किया है। वन परिक्षेत्र शमशाबाद के कक्ष क्रमांक पीएफ 239 वीट थाना वन परिक्षेत्र शमशाबाद में हुए पौधरोपण प्लांटेशन का भी निरीक्षण किया है। वन विभाग के अमले एवं वन समिति द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सजगता के साथ करने पर ग्राम हींगली नर्सरी के चौकीदार सहित अन्य का हौंसला अफजाई करते हुए फूल माला पहनाकर सम्मानित किया है। निरीक्षण भ्रमण के दौरान वन मण्डलाधिकारी श्री लोकप्रिय भारती, उप वन मण्डलाधिकारी श्री विजय मौर्य, वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री देवेश गौतम सहित अन्य मौजूद रहें।

### मौत के आगोश में सो गए कई मुसाफिर, घायलों की अस्पताल में खुली आंखे

# ट्रक के पीछे घुसा श्रद्धालुओं से भरा वाहन, चार की मौत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

राजस्थान के झालावाड़ जिले 12 दिन पहले देश के अलग-अलग तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा करने निकले श्रद्धालु विदिशा में भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। चालक समेत 10 श्रद्धालु एक मारुति वैन से यात्रा कर रहे थे। हादसे से दो घंटे पहले ही वैन का चालक बदला था, क्योंकि पहले वाले चालक को नींद के झोंके आ रहे थे। श्रद्धालुओं के अनुसार वे 12 दिन से यात्रा कर रहे थे कभी रातभर यात्रा नहीं की। वे रोज रात में किसी पेट्रोल पंप पर रुकते थे और सुबह होने पर निकलते थे, हादसे वाली रात को भी कहीं रुकने की योजना बना रहे। थे, लेकिन गांव जाने की जल्दी में रात में सफर किया और हादसे का शिकार हो गए।

झालावाड़ जिले के बकानी तहसील के रतलाई गांव के लोग 27 अगस्त के मारुति वैन से तीर्थ यात्रा पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने वैष्णोदेवी, मथुरा वृंदावन, हरिद्वार, रामदेवरा, सांवरिया सेठ और बागेश्वरधाम पहुंचकर दर्शन किए। यात्रियों में दो युवा चालक और 8 बुजुर्ग यात्री शामिल थे। शुक्रवार शाम को बागेश्वर धाम में उनकी यात्रा का अंतिम दिन था, सभी अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी शनिवार सुबह करीब 4 बजे लटेरी में सिरोंज हाइवे पर उनकी वैन एक ट्रक में जा भिड़ी। इसमें चार श्रद्धालुओं की मौत



हो गई। इसमें वैन चालक भी शामिल था। वैन में सवार 6 लोग घायल हुए। सभी को पहले लटेरी और बाद में जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। लटेरी एसडीओपी अजय मिश्रा ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया है मामले की जांच की जा रही है रात का वक्त था सभी सो रहे थे। घायल 29 वर्षीय दिनेश लोधा ने बताया कि 6 अगस्त की शाम को बागेश्वर धाम से दर्शन करने के बाद वे कुछ ही दूरी पर एक मंदिर में रुके यहीं भोजन किया, वैन में दो चालक थे, बदल बदलकर वाहन चलाते थे। इन 11 दिनों में कभी रातभर के लिए सफर नहीं किया। रात होते ही रास्ते में किसी भी पेट्रोल पंप पर रुककर वहीं सोते थे और सुबह होन पर ही निकलते थे। हादसे वाली रात भी किसी पेट्रोल पंप पर रुकने की योजना थी। दिनेश ने बताया कि दो बजे रात तक उसने वैन चलाई थी लेकिन उसे नींद आ रही थी इसलिए उसने दूसरे चालक विनोद को वैन चलाने को कहा। दिनेश ने बताया कि रात होने के कारण सभी लोग सो रहे थे, टकराने के दौरान एक आवाज आई और उनकी आंख सीधे अस्पताल में खुली।

### वैन में रखा था सिलेंडर, हो सकता था बड़ा हादसा

तीर्थ यात्री स्वयं ही अपना भोजन बनाते थे इसलिए भोजन संबंधित पूरी सामग्री साथ में थी। भोजन पकाने के लिए एक छोटा सिलेंडर भी वैन के अंदर ही था। जब वैन टकराई तो गनीमत रही कि सिलेंडर नहीं फटा नहीं तो और बड़ा हादसा हो सकता था। जिस पेट्रोल पंप के सामने ये हादसा हुआ उसके सीसीटीवी में पूरी दुर्घटना रिकार्ड हो गई। जिसमें दिख रहा है कि ट्रक जैसे ही पेट्रोल पंप से हाइवे पर गया तो पीछे से वैन उसमें जा भिड़ी। सुबह तक पुलिस की डायल 100 से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में दरयाबाई, पानी बाई, कमला बाई लोधा, गन्नी बाई, अनीता बाई शामिल हैं।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 सितम्बर को

**सिरोंज।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चो को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 सितम्बर को जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाडी केन्द्रो में एक वर्ष से 19 वर्ष आयु तक के सभी बालक-बालिकाओं को आयु अनुसार एल्बेण्डाजोल की कृमिनाश्क गोली का सेवन कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा में मंगलवार दस सितम्बर की पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित किया गया है। ऐसे बालक बालिका जो दस सितम्बर को कृमिनाश्क दवा खाने से वंचित रह जाएंगे उनको 13 सितम्बर को एल्बेण्डाजोल गोली का सेवन कराया जाएगा।



सिरोंज। भाजपा नेता पंडित प्रशांत पालीवाल (जनपद सदस्य) सिरोंज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय डॉ.मोहन यादव के निज निवास उज्जैन पहुंच कर पिताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ में कमलेश कुमार मालवीय, श्याम शर्मा, लाल यादव साथ रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हितग्राहियों का चयन हुआ

### वाराणसी (काशी) अयोध्या तीर्थ दर्शन हेतु 14 को रवाना होंगे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी (काशी) अयोध्या के लिए जिले में कुल प्राप्त 1042 आवेदनों में से लक्ष्य अनुसार 279 हितग्राहियों एवं प्रतीक्षा सूची का चयन शनिवार को कम्प्यूटर रेण्डमाइजेशन प्रणाली के माध्यम से सम्पन्न हुआ है।

कलेक्टेऊट के एनआईसी व्हीसी कक्ष में सम्पन्न हुई उपरोक्त प्रक्रिया के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर विनीत तिवारी समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं आवेदकगण मौजूद रहे। सम्पूर्ण प्रक्रिया एनआईसी के डीआईओ एमएल अहिरवार के द्वारा संपादित की गई है। चयनित हितग्राहियों की सूची जिले के सभी जनपदो एवं निकायो के कार्यालयों में चस्पा कर प्रदर्शित की जाएगी। वहीं चयनित हितग्राहियों को सूचनाएं संबंधित क्षेत्र के तहसील कार्यालय के माध्यम से दी जाएगी।

संयुक्त कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि विदिशा जिले से 279 तीर्थयात्रियों को वाराणसी (काशी) अयोध्या के लिए विदिशा रेल्वे स्टेशन से स्पेशल टेऊन से 14 सितम्बर को रवाना होंगे और तीर्थदर्शन के उपरांत 19 सितम्बर को वापिस विदिशा आएंगे। तीर्थयात्रियों के साथ छह अनुरक्षक भी रवाना होंगे।

**मेट्रो एंकर**

### योजना के अंतर्गत आधार कार्ड और आयुष्मान भारत कार्ड मिला

# सहरिया परिवारों के जीवन में पीएम जनमन योजना से आ रहे अनेक बदलाव



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पूरन सहारिया ग्राम नयागांव ग्राम पंचायत पिपरिया दौलत जनपद पंचायत गंज बासौदा के आदिवासी गाँव से हैं, पीएम जनमन आवास योजना से लाभांवित होकर पक्के मकान में निवास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही पूरन को पक्का मकान बनाने के लिए सहायता दी गई। अब वह एक सुरक्षित और पक्के मकान में रहते हैं, जो बारिश और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित है। जिस ग्राम में हितग्राही निवास करते हैं वहां रोजगार के अवसर सीमित हैं और बुनियादी सुविधाओं की कमी रहती है। उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी और परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जन-मन योजना ने उनके जीवन में एक अहम मोड़ लाया है। इस योजना तहत हितग्राही को शासन की अनेक योजनाओं का लाभ मिला है। जब पूरन को योजना के अंतर्गत आधार कार्ड और आयुष्मान भारत कार्ड प्राप्त हुआ, तो उन्हें मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। एक दिन उनके बेटे को गंभीर बुखार हो गया था, लेकिन आयुष्मान कार्ड के चलते वह पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती हो सका और बिना किसी आर्थिक बोझ के उसका इलाज हुआ। इस योजना ने उनके परिवार के स्वास्थ्य को सुरक्षित किया और इलाज का खर्च उठाने की चिंता को समाप्त कर दिया।

इसके अलावा, उन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी मिला, जिससे उनके घर में खाना पकाने का तरीका बदल गया। पहले लकड़ी जलाकर खाना बनाना पड़ता था, जिससे धुएं से स्वास्थ्य समस्याएं हो रही थीं। अब गैस के इस्तेमाल से उनका स्वास्थ्य बेहतर हुआ और समय की भी बचत हो रही है। साथ ही, राशन कार्ड के माध्यम से उनके परिवार को नियमित रूप से उचित मूल्य पर अनाज मिलता है। इन योजनाओं के माध्यम हितग्राही का जीवन पहले से काफी बेहतर हो गया है, और उनका परिवार अब सम्मानपूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। पूरन ओर उसके परिवार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया है।

### अपहरण का मामला आनंदपुर पुलिस ने

# नाबालिग बालिका को मोरवी गुजरात से किया गया बरामद, आरोपी गिरफ्तार




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

थाना आनंदपुर पुलिस ने बताया कि 2 अगस्त को ग्राम खेजडाऊदा से नाबालिक लडकी को अपने भाई के साले के द्वारा बेहला फुसला कर भगा ले जाने की शंका जाहिर करते हुए फरियादी ने 3 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया संदेही के संबंध में तकनीकी साक्ष्यो व अन्य गवाहों से पूछताछ के आधार पर मोरवी गुजरात में उसकी उपस्थिति होना पाई गई जिसके संबंध में वरिष्ट अधिकारीयों को अवगत कराया गया एवं दिशा निर्देश प्राप्त किये एवं मोरवी गुजरात में जाने हेतु विशेष टीम बनाई जिसमें सउनि. संतोष गौंड, प्रआर. सुनील बघेल, आर. विजय शर्मा एवं म.आर. ललिता चौहान को मोरवी गुजरात भेजा गया ।

गठित टीम को दिनांक 31 अगस्त को पुलिस ने मोरवी गुजरात में अपहृता नाबालिक लडकी एवं संदेही की तलाश मोरवी गुजरात में की 2 सितंबर को खोखरा रोड भरतनगर जिला मोरवी में पहुचकर तलाश किया तो थ्रीकोल कंपनी में काम करते हुए संदेही युवक मिला जिसे अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गयी और नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर थाना आनंदपुर आए इसके पश्चात न्यायालय पेश किया गया और नाबालिक बालिका के कथन हुए अभियुक्त 22 वर्षीय युवक को न्यायालय ने जिला जेल भेज दिया।




आजकल माता-पिता अपना पीछा छोड़ाने के लिए बच्चों के रोने और चिल्लाने पर टीवी या मोबाइल पकड़ा देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है इसका बच्चे के दिमाग पर बहुत बुरा असर पड़ता है. इसके कारण बच्चों का फिजिकल और मेंटल ग्रोथ काफी ज्यादा प्रभावित होता है. मोबाइल की स्क्रीन को ज्यादा समय तक यूज करते रहने से आंखों पर बुरा असर पड़ता है, इससे आंखे कमजोर और बच्चों को कम उम्र में चश्मा तक लगाने की नौबत आ जाती है। ऐसे में उनको मोबाइल देखने का समय तय करना जरूरी है।

# मोबाइल या टीवी... बच्चों की आंखों के लिए जानिए क्या है ज्यादा खतरनाक?

*आजकल लोग इतने ज्यादा मॉर्डन गए हैं कि छोटे-छोटे बच्चे पर्सनल मोबाइल-टैब रखने लगे हैं. और लगातार इसका इस्तेमाल करते हैं. वहीं हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि बच्चों का इस तरह से मोबाइल और टैब का इस्तेमाल हेल्थ के लिए हानिकारक हो सकता है. आजकल हेल्थ एक्सपर्ट बार-बार यह कह रहे हैं कि बच्चों की स्क्रीन टाइम को कम करें क्योंकि इसका असर उनके मेंटल हेल्थ पर पड़ रहा है. इसलिए बच्चों को देर तक फोन या टीवी नहीं देखना चाहिए. इससे काफी ज्यादा नुकसान होता है.*

### बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम ठीक नहीं

बच्चों के लिए मोबाइल और स्क्रीन टाइम काफी ज्यादा खतरनाक है. क्योंकि इसका असर बच्चे की मेंटल और फिजिकल ग्रोथ पर पड़ता है. यानी छोटी उम्र में मोबाइल और टीवी पर ज्यादा वक्त बिताने से इसका बच्चों की पर्सनालिटी डेवेलपमेंट पर पड़ता है. ऐसे में सबसे खराब चीज यह हो रही है कि बच्चों का सोशल सर्कल कम हो रहा है. आजकल बच्चे दोस्त कम बना रहे हैं. इसके पीछे का कारण कोरोनावायरस महामारी भी हो सकता है.

बच्चों के लिए टीवी और मोबाइल दोनों काफी ज्यादा खतरनाक है. बच्चों की स्क्रीन टाइमिंग ज्यादा नहीं होनी चाहिए. इसके कारण बच्चों की सोचने समझने की शक्ति धीरे-धीरे कम होने लगती है. ज्यादा फोन और टीवी देखने के कारण बच्चों का दिमाग कमजोर होने लगता है. इससे उनके सोचने की क्षमता कम होने लगती है. बच्चों को इसके बारे में समझाना चाहिए कि फोन कितना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है. बच्चों को रेगुलर टीवी देखना चाहिए.

### 900 गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर, 1000 गोल का लक्ष्य...

# फुटबॉल: रोनाल्डो ने इतिहास रचने के बाद कहा कि मैं अभी रुकने वाला नहीं...

**बेनफिका (पुर्तगाल). एजेंसी**

मैं रेकॉर्ड के पीछे नहीं जाता, रेकॉर्ड मेरे पीछे आते हैं...पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरव्यू के दौरान एक बार यह बात कही थी। यह सच भी है, क्योंकि शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई खिलाड़ी 900 गोल भी दाग सकता है, लेकिन रोनाल्डो ने यह कमाल कर दिखाया। उन्होंने गुरुवार रात नेशंस लीग मैच में क्रोएशिया के खिलाफ 34वें मिनट में गोल दागा और इतिहास में 900 गोल करने वाले पहले फुटबॉलर बने। रोनाल्डो ने साबित किया कि यदि आपके अंदर जुनून है तो उम्र भी पीछे छूट जाती है। बता दें 12 साल की उम्र में रोनाल्डो ने तीन दिन का ट्रायल दिया और स्पोर्टिंग सीपी क्लब के साथ 1.65 लाख रुपए का करार किया।



### पहला सीनियर स्तर गोल

रोनाल्डो ने 17 साल 8 महीने की उम्र में सीनियर स्तर का पहला गोल दागा। वह स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेलते हुए मोरिरेन्स के खिलाफ मैच खेलने उतरे।

### पहला गोलकिया

रोनाल्डो ने जूनियर स्तर पर पहला गोल 29 सितंबर 2002 में स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेलते हुए बारगा के खिलाफ दागा। फिर उन्होंने मुड़कर कभी पीछे नहीं देखा।

# एरिना सबालेंका ने जीता यूएस ओपन अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया

**न्यूयॉर्क. एजेंसी**


बेलारूसी स्टार एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 53 मिनट तक चला। 26 साल की सबालेंका पहली बार साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम की सिंगल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी हैं। सबालेंका का यह ओवरऑल चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। उन्होंने सिंगल्स में 2023 में ऑस्ट्रेलिया ओपन जीता था। साथ ही डबल्स में 2019 में यूएस ओपन और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बनी थी। सिनर-फ्रिट्ज के बीच होगा मेंस सिंगल्स फाइनल मेंस सिंगल्स कैटेगरी का फाइनल वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर और अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज के बीच खेला जाएगा।



### फिट्ज 18 साल बाद यूएस ओपन मेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने

सिनर ने ब्रिटेन के ड्रैपर को 7-5, 7-6, 6-2 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि अमेरिकी प्लेयर फिट्ज ने सेमीफाइनल में अपने पुराने दोस्त और हमवतन फ्रांसिस टियाफो को 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराया। फिट्ज 18 साल बाद स ओपन मेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले 2006 में एंडी रॉडिक ने यह कारनामा किया था। पेगुला ने मुचोवा, सबालेंका ने नवारो को हराया था विमेंस सिंगल के सेमीफाइनल राउंड में सबालेंका ने अमेरिका की एमा नवारो को 6-3, 7-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वियातेक को बाहर करने वाली पेगुला ने चेक रिपब्लिक की कैरोलिन मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराया था। वर्ल्ड नंबर-3 अल्काराज दूसरे राउंड से बाहर स्पेन के कार्लोस अल्काराज दूसरे राउंड से हारकर बाहर हो गए थे। वर्ल्ड नंबर-3 अल्काराज को वर्ल्ड नंबर-74 नंबर पर काबिज नीदरलैंड के बोटिक वान डी जैंडस्कल्प ने 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इस साल विंबलडन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। अल्काराज ने फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता। उलटफेर का शिकार हुए थे जोकोविच डिफेंडिंग चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में उलटफेर का शिकार हुए थे। उन्हें 28वीं सीड ऑस्ट्रेलिया के अलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया थे।

### आज पुरुष एकल खिताब के लिए टेलर फिट्ज का सामना दुनिया के नंबर एक इटालियन खिलाड़ी जेनिक सिनर से होगा



**न्यूयॉर्क.** अमरीका के 12वीं वरीय खिलाड़ी टेलर फिट्ज ने दमदार प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे साल के चौथे ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। वह 15 साल के लंबे अंतराल के बाद किसी ग्रैंड स्लेम के एकल फाइनल में जगह बनाने वाले पहले अमरीकी पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। फिट्ज पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम के फाइनल में पहुंचे हैं, जहां खिताब के लिए उनका सामना दुनिया के नंबर एक इटालियन खिलाड़ी जेनिक सिनर से होगा। रविवार को जब टेलर फिट्ज और जेनिक सिनर फाइनल खेलने के लिए उतरेंगे तो यूएस ओपन को पुरुष एकल में नया चैंपियन मिलेगा। दोनों ही खिलाड़ी पहली बार यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं। टॉप सीड सिनर की नजरें अपने दूसरे ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने पर होंगी। उन्होंने इसी साल अपना पहला ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। वहीं, टेलर फिट्ज की नजरें अपने पहले खिताब पर होंगी।

## विश्व बधिर शूटिंग: भारत के शौर्य सैनी ने जीता स्वर्ण पदक

**हनोवर (जर्मनी). एजेंसी**

भारत के शौर्य सैनी ने विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्वर्ण पदक जीता। क्वालीफिकेशन दौर में 580 के स्कोर के साथ विश्व रेकॉर्ड बनाने वाले 21 वर्षीय भारतीय निशानेबाज फाइनल में 452.4 अंक हासिल कर पहले स्थान पर रहे। अंजलि भागवत से प्रशिक्षण लेने वाले शौर्य ने स्वर्ण पदक मुकाबले में यूक्रेन के ओलेक्जेंडर कोस्त्युक को करीब 10 अंकों से हराया। इस प्रतियोगिता में शौर्य का यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 10 मी एयर राइफल में रजत पदक जीता था। चेतन सपकाल ने 25 मी स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता।



## 'आरआर' के मुख्य कोच बने द्रविड़

**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप खिताब जिताने वाले कोच राहुल द्रविड़ को आइपीएल टीम फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने मुख्य कोच नियुक्त किया है। 2011 से 2015 तक पहले कप्तान और फिर मेंटोर के रूप में द्रविड़ रॉयल्स से जुड़े हुए थे। नौ साल बाद फिर से उनकी वापसी हुई है। कुमार संगकारा टीम के क्रिकेट निदेशक बने रहेंगे। द्रविड़ ने कहा, मैं फ्रेंचाइजी में वापसी कर खुश हूं। यह मेरे लिए घर जैसा है। विश्व कप के बाद मेरे लिए एक और चुनौती लेने का यह सही समय है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## हार्ट-अटैक आया तो सलमान खान ने रेमो की मदद की थी




### 100 फीसदी ब्लॉकेज था, डॉक्टर बोला- फिट हो इसलिए यहां तक पहुंचे

डायरेक्टर-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा (50) को 4 साल पहले हार्ट अटैक आया था। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में डायरेक्टर ने उस वक्त का जिक्र किया। कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को दिए इंटरव्यू में रेमो ने बताया, 'उस दिन मैं जिम में था जब मुझे अजीब महसूस होना शुरू हुआ। मैंने वर्कआउट नहीं किया, लेकिन जैसे ही मैंने स्ट्रेचेस करने शुरू किए तो मुझे दर्द महसूस होने लगा। बाद में मुझे उल्टी आने लगी।'

**वाइफ रोने लगीं और मैं हंसे जा रहा था:** रेमो रेमो ने आगे बताया, 'मुझे इस हाल में देखकर वाइफ मुझे हॉस्पिटल लेकर पहुंचीं। हॉस्पिटल पहुंचे, डॉक्टर ने चेक किया तो बताया कि यह मेजर हार्ट अटैक था। उन्होंने मुझे बताया कि मुझे 100त्न ब्लॉकेज था। इतना सुनकर मेरी वाइफ रोने लगीं और मैं हंस रहा था। मैं सोच रहा था कि मैं इतना फिट हूं, मुझे कैसे हार्ट अटैक आ सकता है? डॉक्टर ने कहा कि आप फिट हैं, इसलिए हॉस्पिटल तक पैरों पर चलकर आए हैं, वर्ना लोग यहां तक नहीं पहुंच पाते।' सलमान पूरे वक्त वाइफ से जुड़े रहे रेमो ने आगे बताया कि उस वक्त सलमान खान ने उनकी बहुत मदद की थी। रेमो ने कहा- 'उस दिन सलमान लगातार मेरी वाइफ से फोन पर बात करते रहे। जब मैं ऑपरेशन थिएटर गया और बाहर आया तब वो मेरी पत्नी के साथ थे। आईसीयू और बेड पर आने तक सलमान ने लिजेल से बात की। इसलिए लोग उन्हें प्यार देते हैं, क्योंकि वो सच में लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं।' रेमो को साल 2020 में 100त्न ब्लॉकेज की वजह से दिल का दौरा पड़ा था। मुंबई के कोकिलाबेन हॉस्पिटल में उनका इलाज हुआ था। वर्कफ्रंट पर डायरेक्टर इन दिनों फिल्म 'बी हैप्पी' पर जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म मडगांव एक्सप्रेस से एक्टिंग डेब्यू भी किया है।

## भगवान गणेश को छोटा भाई मानते हैं नील नितिन मुकेश, घर में गणपति का स्वागत

हर साल की तरह इस साल भी बॉलीवुड सितारे धूमधाम और उत्साह के साथ गणेश उत्सव मना रहे हैं। कोई गणेश पंडालों में जाकर पूजा अर्चना कर रहा है तो कोई अपने घर पर ही बप्पा की भक्ति में लीन हैं। हर बार की तरह इस वर्ष भी अभिनेता नील नितिन मुकेश और उनके परिवार ने अपने घर पर भगवान गणपति का स्वागत किया और गणेश चतुर्थी उत्सव की शुरुआत की। मुकेश और उनका परिवार पिछले तीन दशक से ज्यादा समय से जोश और उत्साह के साथ गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं। इस बार भी उत्सव की भावना में डूबे नील और उनके पिता नितिन मुकेश ने एएनआई से बात की और भगवान गणेश को अपने घर लाने पर अपनी खुशी जाहिर की। बातचीत में नील ने कहा, 'यह एक वार्षिक अनुष्ठान है। हर साल हम बप्पा को घर आने और हमें आशीर्वाद देने का इंतजार करते हैं। मैं भगवान गणेश को अपना छोटा भाई मानता हूं। मुझे अभी भी याद है कि जब मैं बच्चा था, तो मैं अपनी बहनों के साथ अपने पिता से बप्पा को घर लाने के लिए कहा करता था। 31 साल हो गए हैं और आज भी हम उसी उत्साह के साथ गणेश चतुर्थी मनाते हैं।' अभिनेता ने आगे कहा, गणेश चतुर्थी के दौरान, देश भर से हमारे रिश्तेदार और दोस्त हमारे घर आते हैं और हम सब साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं। मुकेश परिवार का घर सबके लिए खुला रहता है।' वहीं, नील के पिता और दिग्गज गायक-संगीतकार नितिन मुकेश ने कहा, 'गणेश चतुर्थी एक जश्न है। मुझे बेहद खुशी होती है जब मेरे रिश्तेदार और दोस्त हमारे घर आते हैं और हमारे साथ त्योहार मनाते हैं।' बता दें कि आज से शुरू होने वाला दस दिवसीय गणेश चतुर्थी को पूरे भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार अनंत चतुर्दशी को समाप्त होगा। महाराष्ट्र भर में भक्तगण गणेश चतुर्थी की विभिन्न तैयारियों में लगे हुए हैं, जिसमें गणेश प्रतिमाओं को अपने घरों में लाना, व्रत रखना, पारंपरिक प्रसाद तैयार करना और पंडालों में जाना शामिल है।



## राज किरण की तलाश में सोमी कहा, ऋषि कपूर से वादा किया था ढूंढना बंद नहीं करूंगी...




कर्ज, अर्थ, घर एक मंदिर जैसी दर्जनों हिट फिल्मों का हिस्सा रहे राज किरण 80-90 के दशक के जाने-माने एक्टर थे। हालांकि 1997 में एक रोज वो अचानक लापता हो गए। ऋषि कपूर से लेकर दीप्ति नवल समेत कई सेलेब्स ने उन्हें ढूंढने की हर मुमकिन कोशिश की, लेकिन हर कोई नाकाम रहा। कुछ सालों पहले खबरें ये भी रहीं कि वो अटलांटा के मेंटल असायलम में हैं, लेकिन इसकी कभी पुष्टि नहीं हो सकी। अब एक्ट्रेस सोमी अली ने उन्हें ढूंढने वाले को ईनाम देने की घोषणा की है। एक्ट्रेस ने कहा है कि उन्होंने ऋषि कपूर से वादा किया था कि वो राज किरण को कभी ढूंढना बंद नहीं करेंगी। हाल ही में सोमी अली ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से राज किरण की कई तस्वीरें शेयर कर लिखा है, दोस्तों, अगर आप में से कोई इन्हें ढूंढता है तो इसके लिए एक आर्थिक ईनाम भी है। ये कोई फ्रॉड या स्कैम नहीं है। मैंने ऋषि कपूर से वादा किया था कि मैं कभी भी राज किरण जी की तलाश बंद नहीं करूंगी। मैंने उन्हें ढूंढने में 20 साल लगा दिए। मैं अपने खर्च पर कई राज्यों में गई हूं। एक समय पर तो मैंने अपनी मां से भी उधार ली थी। जिससे चिंटू जी (ऋषि कपूर) की आत्मा को शांति मिल सके और मैं अपना वादा पूरा कर सकूं। आगे एक्ट्रेस ने लिखा है, चिंटू जी और दूसरी एक्ट्रेसेस ने भी उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन ढूंढ नहीं सके। अगर आप में से किसी को भी उनके बारे में कोई भी जानकारी मिले तो प्लीज मुझे मैसेज करें। मैं बस ये जानना चाहती हूं कि वो ठीक हैं और उन्हें किसी मदद की जरुरत तो नहीं है। एक विक्टिम एडवोकेट के तौर पर मैं बीते 17 सालों से अपना ऑर्गेनाइजेशन चला रही हूं। मेरी हिम्मत कभी हार नहीं मानती। मैं बस ये जानना चाहती हूं कि वो ठीक हैं। हम सब बस अब यही चाहते हैं, मुझे अपना वादा पूरा करना है। 5 फरवरी 1949 में जन्मे राज किरण एक फॉर्मर इंडियन एक्टर हैं, जिन्हें बॉलीवुड फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने बी.आर. इशारा की कागज की नाव (1975) से बॉलीवुड डेब्यू किया था। वो मिड 90 तक 100 फिल्मों में नजर आए हैं। फिर वो अचानक लापता हो गए। रिपोर्ट्स थीं कि वो यूनाइटेड स्टेट्स में गुमनाम जिंदगी जी रहे हैं। हालांकि 2011 के बाद से उनकी कोई खबर ही नहीं मिली। दीप्ति नवल ने फेसबुक पोस्ट के जरिए राज किरण की तलाश शुरू की थी।





## 'छिछोरे' से पहले भी दिख सकती थी सुशांत-श्रद्धा की जोड़ी, 'काई पो चे' में संग आ सकते थे नजर

श्रद्धा कपूर और दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत अभिनीत छिछोरे की रिलीज हो आच पांच साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच कास्टिंग निर्देशक मुकेश छाबड़ा ने कहा है कि श्रद्धा ने फिल्म काई पो चे के लिए भी ऑडिशन दिया था। श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रही हैं। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी सराहना की गई है। अभिनेत्री ने एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म छिछोरे के पांच साल पूरे होने पर फिल्म से जुड़ी यादों का जिक्र किया था। इस बीच कास्टिंग निर्देशक मुकेश छाबड़ा ने उन्हें लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा कपूर और दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत साल 2013 की फिल्म काई पो चे में एक साथ नजर आ सकते थे। अगर ऐसा हुआ था तो, छिछोरे से पहले दर्शकों को यह जोड़ी पर्दे पर देखने को मिल जाती। हाल में कास्टिंग निर्देशक मुकेश छाबड़ा मशहूर कोरियोग्राफर और निर्देशक रेमा डिसूजा के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि काई पो चे के लिए श्रद्धा कपूर ने ऑडिशन दिया था, लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया था। उन्होंने कहा, वह बहुत मेहनती है। मेरे लिए उसका पहला ऑडिशन फिल्म तीन पत्ती के लिए था। इसके बाद उसने कुछ और फिल्में कीं, जो नहीं चलीं और फिर उसका पतन हो गया। फिर उसने काई पो चे के लिए ऑडिशन दिया, लेकिन उस फिल्म के लिए भी उसका चयन नहीं हो सका। गौरतलब है कि अभिनेत्री ने फिल्म छिछोरे के पांच साल पूरे होने पर भावुक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने फिल्म के सेट से जुड़ी कुछ झलकियों को साझा किया, जिनमें वो दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ नजर आ रही थीं। इस फिल्म के लिए पहली बार श्रद्धा कपूर और सुशांत एक साथ पर्दे पर नजर आए थे। अभिनेत्री ने इस फिल्म की झलकियों से जुड़ी वीडियो क्लिप को साझा करते हुए दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा,वो दिन भी क्या दिन थे।

## बागसेवनिया हत्याकांडः आज हत्या करने वाले नाबालिगों को किशोर न्यायालय में किया जाएगा पेश

# बर्थ-डे मनाकर लौटे छात्रों ने युवक की चाकू गोदकर कर दी थी हत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित राजा भोज तिराहा के पास शर्मा ऑप्टिकल के सामने शुक्रवार रात युवक की हत्या करने वाले चारों नाबालिगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आज रविवार को उन्हें किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहां से सभी को बाल सुधार गृह भेजा जाएगा। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि नाबालिग बर्थ-डे मनाने के बाद यहां पहुंचे थे। इस दौरान शर्मा ऑप्टिकल्स के सामने बैठे युवक से उनका विवाद हो गया था।



पुलिस के अनुसार मूलतः डिंडोरी के सहारनपुर में रहने वाला गजेंद्र यादव (24) यहां बागमुगलिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार रात वह काम से लौटा और राजा भोज तिराहा के पास शर्मा ऑप्टिकल के सामने पटिये पर बैठा था। उससे कुछ दूरी पर उसका मामा राज यादव था। राज यादव को कुछ सामान खरीदना था और वह दुकान की तलाश कर रहा था। इसी बीच रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास चार नाबालिग पहुंचे। नाबालिगों में एक किशोर का बर्थ-डे था। बर्थ-डे पार्टी करने के बाद चारों वहां पहुंचे। इस दौरान पटिए पर बैठे गजेंद्र यादव से नाबालिगों की कहासुनी हो गई। कहासुनी बड़ने पर नाबालिगों ने मारपीट की और गजेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। विवाद का शोर सुनकर राज जब तक मौके पर पहुंचता। नाबालिग मारपीट कर चाकू से हमला कर भाग निकले थे।

### पेट और नाक के पास थी गंभीर चोट

राज ने बताया कि वह शर्मा ऑप्टिकल के पास पहुंचा तो भांजा गजेंद्र यादव बेसुध होकर गिर गया था। उसके पेट में और नाक में चाकू का गहरा घांव था। राज उसे लेकर एम्स पहुंचा, वहां सुबह करीब चार बजे के आसपास डॉक्टर ने गजेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

### नशे में थे नाबालिग और मृतक

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि नाबालिग नवमीं और दसवीं कक्षा में पड़ने वाले हैं। सभी शराब पीकर बर्थ-डे पार्टी मनाकर यहां पहुंचे थे। इसी प्रकार गजेंद्र यादव भी काम से लौटा था और उसने भी शराब पी रखी थी। नशे में होने के कारण नाबालिग और गजेंद्र के बीच महज पांच मिनट के अंदर विवाद हुआ और विवाद के बाद चाकूबाजी और हत्या जैसा जघन्य अपराध हो गया।

## पल्सर बाइक को एक्टिवा अड़ाकर रोका, कट्टे से बाइक पर पीछे बैठे युवक को मारी गोली



**- सेमरा में सौभाग्य होम्स तिराहा पर बीती रात बदमाश ने की वारदात, निजी अस्पताल में युवक का चल रहा इलाज**

**भोपाल।** अशोका गार्डन में गणेश जी की झांकी में जा रहे युवकों पर एक युवक ने कट्टे से फायर कर दिया। फायर होने से गोली बाइक पर पीछे बैठे युवक के पेट में लगी है। उसका चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल के दोस्त की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास काम मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शुभम तेंदुलकर पिता राजू तेंदुलकर (26) डी-205, सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसके दोस्त रौनक सिंह पिता शिव नारायण सिंह (24) निवासी न्यू अशोका गार्डन ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने समिति के साथ सम्राट कॉलोनी में गणेश जी झांकी बनाई है। शनिवार रात करीब बारह बजे वह दोनों पल्सर बाइक से गणेश जी की झांकी में जाने के लिए निकले। बाइक रौनक चला रहा था और पीछे शुभम बैठा हुआ था। सौभाग्य होम्स तिराहा पर पहुंचते ही पीछे से एक्टिवा पर यश अग्रवाल पहुंचा और उसने बाइक के सामने अपनी एक्टिवा अड़ा दी। रौनक और शुभम कुछ समझ पाते इससे पहले ही आरोपी ने कट्टा निकालकर फायर कर दिया। फायर होने से गोली रौनक के पेट के पास से निकलते हुए पीछे बैठे शुभम के पेट में जा लगी। पेट में गोली लगने से खून निकलने लगा। इधर वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी एक्टिवा से भाग निकला।

## पंडाल के पास विवाद, दो भाई सहित चाची पर चाकू से हमला

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित दशमेश नगर, गुरुद्वारा के पास झांकी पंडाल के पास विवाद हो गया। विवाद में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में दो भाइयों और उनकी चाची को चाकू लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 25 साल के रोहित सिंह चौहान सुंदर नगर गुरुद्वारा के पास रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार रात दशमेश नगर में झांकी का आयोजन किया गया था। झांकी की सेंट्रिंग गिर गई और समिति के लोगों के साथ वह सेंट्रिंग ठीक करने वाले मजदूर का इंतजार करने लगे। इस बीच रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास झांकी पंडाल से कुछ दूरी से गुजर रहे उनके भाई मोनू सिंह चौहान की राजा विश्वकर्मा से कहासुनी हो गई। कहासुनी बड़ने पर राजा विश्वकर्मा अपने चाचा के बेटे अभिषेक और चाची माया को लेकर वहां पहुंच गया। अभिषेक अपने हाथ में चाकू लिए हुए था। आरोपी मोनू से विवाद कर रहे थे। आवाज सुनकर रोहित झांकी पंडाल से मौके पर पहुंचे। इस दौरान उनकी चाची रेखा चौहान भी घर से पहुंच गई थी। आरोपी गालीगलौज कर रहे थे। मोनू ने उन्हें गाली देने से मना किया तो अभिषेक ने रोहित पर चाकू से हमला कर दिया। मोनू ने चाकू का हमला हाथ से रोका और उसकी अंगुली बुरी तरह से कट गई। अभिषेक को रोहित ने पीछे पकड़ लिया तो अभिषेक ने रोहित पर भी हमला किया है। चाकू उनके भी हाथ पर लगा था। बीच बचाव में रेखा चौहान को भी मामूली चोट लगी है। पुलिस ने रोहित चौहान की शिकायत पर अभिषेक उसकी मां माया और ताऊ के बेटे राजा विश्वकर्मा पर मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्र पर किया चाकू से हमला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पिपलानी इलाके में एक युवक ने छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित छात्र दो लोगों के बीच चल रहे विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रफुल्ल मसतकर (23) न्यू शिवनगर आनंद नगर में रहता है और कालेज में पड़ता है। शुक्रवार की रात करीब साड़े ग्यारह बजे उसके घर के पास गणेश झांकी का काम चल रहा था। इसी बीच किसी बात को लेकर अंकित और कृष्णा के बीच विवाद हो गया। प्रफुल्ल ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो कृष्णा ने उसके गले पर चाकू से हमला कर दिया। अंकित ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसके भी गाल पर चाकू मार दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करते हुए सभी को अलग किया तो कृष्णा जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। घटना के बाद प्रफुल्ल पिपलानी थाने पहुंचा। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चाकू मारने का मामला दर्ज कर लिया है।

## मैनिट के छात्र से मोबाइल झपटा, तीन लुटेरे गिरफ्तार

**- एक्टिवा के नंबर से पकड़ाए आरोपी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रपुरी इलाके में गुरुवार रात एक्टिवा पर सवार 3 युवकों ने मैनिट के छात्र के हाथ से मोबाइल झपट लिया। वारदात को अंजाम देकर तीनों बदमाश फरार हो गए। छात्र ने उनकी एक्टिवा का नंबर देख पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला सिवनी निवासी चोनिसराज रहंगडाले (23) मैनिट से एमटेक की पड़ाई कर रहा है। वह यहां भवानी नगर में किराए के मकान में रहता है। विगत पांच सितंबर की रात करीब सवा दस बजे वह सी-सेक्टर होता हुआ भवानी नगर की ओर पैदल जा रहा था। इस बीच इन्द्रपुरी इलाके में पानी की टंकी के पास पार्क के सामने सूने स्थान पर एक्टिवा क्रमांक एमपी 04 जेडबी 1750 पर सवार होकर आए तीन बदमाशों में से एक बदमाश ने चोनिसराज के हाथ से मोबाइल झपट लिया और अंधेरे में फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फरियादी ने एक्टिवा का नंबर देख लिया था। उसी आधार पर खोजबीन की गई और तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर लूटा मोबाइल बरामद कर लिया है। आरोपियों के नाम चन्द्रशेखर वंशकार, अली व अलफेज तीनों निवासी एकता नगर करोंद बताए गए हैं। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## नाबालिग और उसके साथी से चोरी के 13 मोबाइल किए जब्त

**टीटी नगर पुलिस की कार्रवाई, मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहे थे**



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

टीटी नगर पुलिस ने मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 13 मोबाइल जब्त किए है। जब्त मोबाइल की कीमत दो लाख रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार चोर में एक बालअपचारी शामिल है। पुलिस के अनुसार अभिषेक पिता नीलकांत कनाडे (32) ग्राम बगली, मेकर रिगालिया कालोनी, मिसरोद और पंकज चौरासे (32) यूथ हास्टल के पीछे, बाणगंगा टीटी नगर समेत निर्देश पटेल ने मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे। फुटेज देखने पर पुलिस को दो संदिग्ध नजर आए। संदिग्धों का हुलिया पुलिस ने मुखबिर तंत्र को भेजा और संदेहियों की तलाश शुरू कर दी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध मोबाइल बेचने की फिराक में इलाके में घूम रहे है। दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ करने पर उन्होंने मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार लिया। आरोपियों की पहचान तौसिफ उर्फ अयान पिता मोहम्मद इब्राहिम (18) बड़वाली मस्जिद के पास जहांगीराबाद और बालअपचारी के रूप में की गई। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उनसे कुल 13 मोबाइल जब्त किए हैं।

## झुग्गी में घुसकर युवक पर किया हमला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



गौतम नगर में रहने वाले एक युवक पर अज्ञात व्यक्ति ने झुग्गी में घुसकर हमला कर दिया। घायल की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान और हमले के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक नाजिया पत्नी इरशाद (32) शारदा नगर झुग्गीबस्ती गौतम नगर में रहती है और एक निजी अस्पताल में हाउसकीपिंग का काम करती है। पांच सितंबर को तड़के करीब साड़े चार बजे अज्ञात व्यक्ति महिला की झुग्गी में घुस गया और पति इरशाद पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पति की चीख सुनकर नाजिया की नींद खुली तो वह अज्ञात व्यक्ति ने किसी चीज से महिला के हाथ पर मारा और भाग निकला। नाजिया ने पति को देखा तो उसके सिर के खून निकल रहा था। उसने अपने रिश्तेदार को बुलाया और पति को इलाज के लिए पहले हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद थाने जाकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। हमले का कारण और हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

**भोपाल।** हनुमानगंज इलाके में एक तेज रफ्तार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान लेने के बाद कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जीतू लोधी (42) भीमनगर अरेरा हिल्स का रहने वाला है। फिलहाल वह राधापुरम कालोनी खेजड़ा भानपुर में रहता है और नदीम रोड कोतवाली में चाय की दुकान चलाता है। बीती एक सितंबर की रात करीब नौ बजे जीतू दुकान बंद कर मोटर सायकिल से घर लौट रहा था। वह नादरा बस स्टैंड के आगे समानांतर रोड के सामने पहुंचा, तभी छोला रोड की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही जीतू बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। राहगीरों से मिली सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इलाज कराने के बजाए जीतू को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। एम्स अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बयान लेने के बाद कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया।

**मेट्रो एंकर** दुकानदार ने जब सामान का मिलान किया तब हुआ वारदात का खुलासा

# होलसेल दुकान से 58 हजार का सामान चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।




हनुमानगंज स्थित एक होलसेल दुकान से चोर 58 हजार का सामान चोरी कर ले गए। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब दुकानदार ने सामान का मिलान किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राजेश नागर (41) शिवनगर कालोनी छोला रोड पर रहते हैं। वह शांति नगर हनुमानगंज में विराट सेल्स के नाम से कास्मेटिक सामान की होलसेल दुकान चलाते हैं। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे राजेश दुकान के स्टाक का मिलान कर रहे थे, तब पता चला कि उनकी दुकान से स्क्रोच ब्राईट की 3 पेटी, वाईल्ड स्टोन डिओ की 2 पेटी, वाईल्ड स्टोन टेलकम पाउडर की 3 पेटी, डॉक्टर फिनायल की 3 पेटी, कावेरी मेंहदी की 2 पेटी समेत कुछ खुला हुआ सामान गायब है। गायब हुए सामान की कीमत करीब 58 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने राजेश की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर हबीबगंज इलाके में पावर मैनेजमेंट कारपोरेशन की निमार्णाधीन बिल्डिंग से चोर लोहे के सरिया चोरी कर ले गये। चोरी गए सरिया की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने सूरज कुमार जैसवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### ट्रांसपोर्ट व्यवस्यी की पार्किंग से बाइक चोरी



मंगलवारा में रहने वाले एक व्यवसायी की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी चली गई। इसी प्रकार कई अन्य स्थानों से चोर दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विपिन कुमार समैया (42) त्रिलोचन टावर मंगलवारा में रहते हैं और ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। शाम के समय उन्होंने अपनी बाइक काम्पलेक्स की पार्किंग में खड़ी की और भोजन करने के लिए फ्लैट पर चले गए। कुछ समय बाद दुकान जाने के लिए बाइक उठाने पहुंचे तो वह चोरी हो चुकी थी। तलाश करने के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर मोहम्मद अजीम (32) सराय सिकंदरी स्टेशन बजरिया में रहते हैं और रेलवे स्टेशन पर वेंडर का काम करते हैं। गत दिवस उन्होंने अपनी बाइक प्लेटफार्म क्रमांक-6 के बाहर खाली पार्किंग में खड़ी की थी। करीब दो घंटे बाद देखा तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार हबीबगंज थानांतर्गत मेट्रो प्लाजा के पास हाट बाजार में खड़ी सज्जाद हुसैन, कोलुआ कला अशोका गार्डन से सूरज कुशवाह, एमपी नगर जोन क्रमांक-2 से निखिल विश्वकर्मा और कस्तूरबा नगर गोविंदपुरा से विवेक शर्मा की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022